दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

पेज- 8 एसवाईएल पर पंजाब सरकार ने बुलाया ...

गृहमंत्री बताएं मस्तनाथ मठ में ... पेज-8

■ वर्ष:1 ■ अंक: 32 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ बुधवार ■ 11 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

हिसार में बोले मुख्यमंत्री मनोहर लाल

बुढ़ापा पेंशन होगी तीन हजार

हरियाणा में घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली लाइन हटाई जाएगी : मनोहर लाल

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र।

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों के घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली लाइन को हटाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 151 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के आईजी सभागार में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घरों के ऊपर से गुजरने वाली लाइन की समस्या का समाधान करने के लिए बिजली विभाग को निर्देश जा चुके है। उन्होंने बिजली विभाग से कहा कि भविष्य में बिजली की लाइन के नीचे निर्माण नहीं होने दिया जाये। मुख्यमंत्री ने उतराखंड में हुए हादसे में जान गंवाने वाले नागरिकों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी । इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने रेडक्रॉस की सहायता से दिव्यांगों को दिव्यांग जनसहायक उपकरण भी प्रदान किये। उन्होंने घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पादों की स्टाल का अवलोकन किया।इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, सांसद डॉ. डीपी वत्स, मेयर गौतम सरदाना सहित अधिकारी मौजूद रहे।

बुजुर्गों को सर्वाधिक पेंशन देने वाला देश में से सिर्फ हरियाणा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हरियाणा देश का बुजुर्गों को सर्वाधिक पेंशन देने वाला राज्य है। बुजुर्गों की पेंशन में जल्द ही ब ेतरी करके तीन ह ार रुपये किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के नागरिक को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर पेंशन के लिए चक्कर नहीं काटने प ते। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से स्वत: ही पेंशन बन रही है। जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मौके पर ही 22 लोगों की पेंशन बनवाकर कार्ड प्रदान किए।

राशन डिपुओं में गड़बड़ की जांच करेगी एसीबी

जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष दिव्यांग नागरिकों ने जिला में कुछ राशन डिपुओं पर गड़बड़ की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने राशन डिपुओं पर फर्जी राशन कार्ड बनवाकर राशन लेने सहित राशन से जु ी अन्य शिकायतों की जाँच एंटी करप्शन ब्यूरो को करने के आदेश दिये। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 37 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली हिसार से खानक और 8 करो की लागत से बनने वाली हिसार से बालसमंद रो के निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 करो रुपये की लागत की 14 स कों के टेंडर पहले ही हो चुके है, जिनपर जल्दी काम शुरू हो जाएगा।

आयुष्मान योजना से आमजन को मिल रहा स्वास्थ्य लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान योजना लाभप्रद सिद्ध हो रही है। लोगों को पाँच लाख रुपये तक का मुक्त इलाज इस योजना के तहत प्रदान किया जा रहा है। हिसार विधानसभा क्षेत्र में 77566 आयुष्मान कार्ड बनवाए है। जिनमें से 868 कार्डधारकों ने 2 करो 74 लाख राशि का इलाज करवाकर योजना का लाभ उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दयालु योजना के तहत 75 करो रुपये की राशि वित्तीय सहायता के रूप में उपलब्ध करवाई गई है।

हरियाणा में आईएस अधिकारी विजय दहिया गिरफ्तार

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा कौशल विकास निगम रिश्वत कांड में आईएएस विजय दहिया को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार कर लिया है। हरियाणा के सीनियर अधिकारी विजय दहिया पर आरोप है कि उन्होंने निगम में बिल क्लियर करने की एवज में रिश्वत ली है। दहिया के मामले में हरियाणा सरकार ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से जानकारी मांगी है। सरकार की ओर से एसीबी से यह पूछा गया है कि दहिया के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने से पहले क्या मंजूरी ली गई थी। दहिया ने भी सरकार को पत्र लिखा है कि जिसमें उन्होंने एसीबी के सभी आरोपों को झूठा बताया था। उन्होंने लिखा था कि उनके द्वारा कोई रिश्वत की मांग नहीं की गई है।

दहिया के खिलाफ हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो ने करप्शन का केस दर्ज किया था। करनाल के रिंकू मनचंदा ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उनके बिल के भुगतान के 49 लाख रुपए के एवज में मिशन ऑफिस से रिश्वत मांगी गई है। करनाल यूनिट ने रिश्वत मांगने वाली महिला पूनम चोपे ा को गिरफ्तार कर लिया था। पूनम ने पूछताछ में दहिया का नाम लिया था। इस मामले में एसीबी ने पूनम को पके कर पूछताछ की थी। तब पता चला कि पूनम चोपे ा के लिंक कौशल विकास मिशन के चीफ विजय दहिया के साथ हैं। एसीबी ने एफआइआर में पूनम चोपे ा के साथ विजय दहिया को भी नामजद कर लिया था। एसीबी ने इस मामले में दहिया से पूछताछ भी की, लेकिन आरोपों को उन्होंने निराधार बताया था।

पंचकूला की सीजेम कोर्ट में किया गया आईएएस विजय दहिया को पेश

न्यूज डायरी

शोपियां में मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जिले के अलशिपोरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद एक अभियान चलाया था और इस दौरान मंगलवार तड़के मुठभेड़ शुरू हो गयी। कश्मीर पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया दो आतंकवादी मारे गए। तलाश अभियान जारी है। पुलिस ने दावा किया कि लश्कर-ए-तैयबा के मारे गए दो आतंकवादियों में से एक इस साल की शुरुआत में बैंक सुरक्षा कर्मी संजय शर्मा की हत्या में शामिल था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कश्मीर जोन) विजय कुमार ने एक पोस्ट में कहा, ''मारे गए आतंकवादियों की पहचान लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी संगठन के मोरिफत मकबूल और जाजिम फारूक उर्फ अबरार के रूप में की गयी है। आतंकवादी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था।

केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध : डीसी

रोहतक । उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की 11 अक्तूबर को स्थानीय बाबा मस्तनाथ आश्रम में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा के अलावा अन्य आवश्यक प्रबंध किये गए है। केंद्रीय गृह मंत्री के दौरा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक ऑवर ऑल इंचार्ज होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ऑवर ऑल लाइजनिंग अधिकारी-कम-ऑवर ऑल इंचार्ज होंगे। अजय कुमार ने बताया कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 11 अक्तूबर को दोपहर बाद 2:40 मिनट पर स्थानीय बाबा मस्तनाथ आश्रम में ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी जी की स्मृति में शंखढाल व मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

सांसद संजय सिंह की रिमांड 13 अक्टूबर तक बढ़ी

नई दिल्ली । दिल्ली शराब नीति घोटाले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रिमांड कोर्ट ने 3 दिन के लिए बे ा दी है। ईडी ने मंगलवार को पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद दोबारा उन्हें कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि संजय सिंह के खिलाफ घूस मांगने के सबूत हैं। वे हिरासत में सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे। जांच में भी सहयोग नहीं कर रहे। जब उनसे फोन के डेटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। सके बाद कोर्ट ने श्रष्ठ की मांग पर संजय सिंह की रिमांड अवधि 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। कोर्ट ले जाते समय आप सांसद ने कहा कि ईमानदार लोग हमारे साथ हैं, जबकि बेईमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं।

दिल्ली में इज़राइली दूतावास, चाबड़ हाउस की सुरक्षा बढ़ाई

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने इजराइल-हमास संघर्ष के मद्देनजर यहां इजराइली दूतावास और चाबड़ हाउस के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली में इजराइली दूतावास और मध्य दिल्ली के चांदनी चौक स्थित चाबड़ हाउस के आसपास तैनात स्थानीय पुलिस को कड़ी निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। फलस्तीनी चरमपंथी समूह द्वारा इजराइल पर अचानक किए गए हमले में सैकड़ों इजराइली मारे गए हैं और सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं। वहीं, इजराइल की भीषण जवाबी कार्रवाई में भी गाजा पट्टी क्षेत्र में सैकड़ों फलस्तीनी मारे गए हैं और सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने सीएम के.चंद्रशेखर राव पर साधा निशाना

अमित शाह बोले, केसीआर का लक्ष्य बेटे को सीएम बनाना

हैदराबाद, एजेंसी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आदिलाबाद में सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री (के.चंद्रशेखर राव) का एक ही लक्ष्य है - अपने बेटे केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना। हमारा लक्ष्य आदिलाबाद में हर आदिवासी युवा को रोजगार और शिक्षा प्रदान करना है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आपका उत्साह साफ़ बता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ही तेलंगाना में सरकार बनाने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आप सभी ने 2014 और 2019 के चुनावों के दौरान पीएम मोदी जी पर बहुत प्यार बरसाया है। लेकिन अब समय आ गया है कि तेलंगाना को डबल इंजन सरकार की जरूरत है! मुझे यकीन है कि आप बीजेपी को जिताएंगे, पीएम मोदी को जिताएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने आज तक सिर्फ गरीबी की बात की है और गरीबों के लिए कुछ नहीं किया है। 12 लाख करोड़ का घोटाला, घोटाला और भ्रष्टाचार यह भारतीय गठबंधन वाली कांग्रेस पार्टी ने किया है।

इनकी पार्टी का सिंबल एम्बेसडर कार लेकिन स्टियरिंग ओवैसी के हाथ में

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि केसीआर का चुनाव चिन्ह एम्बेसडर गाड़ी है, लेकिन उनकी गाड़ी की स्टियरिंग ओवैसी के हाथ में है। क्या आप यहां मजलिस के इशारे पर चलने वाली सरकार चाहते हैं। या लोगों के हित के बारे में सोचने वाली भाजपा सरकार।

राहुल गांधी ने शिवराज सरकार को बताया भ्रष्ट

बोले, बीजेपी जाति जनगणना नहीं करती तो हट जाए, हम करेंगे

शहडोल, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश में शिवराज चौहान सरकार पर हमला बोला, उन्होंने भ्रष्टाचार और कुशासन का आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी कमजोर वर्गों को सत्ता में भागीदारी देने में प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हम बीजेपी पर ऐसा दबाव डालेंगे कि उसे जाति जनगणना करानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो यह उसकी उच्च प्राथमिकता होगी। राहुल गांधी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, संसद में मैंने जाति जनगणना की बात रखी थी और हम उसे कराएंगे। हम भाजपा पर ऐसा दबाव डालेंगे कि उन्हें जाति जनगणना करानी ही पड़ेगी. अगर वे जाति जनगणना नहीं करेंगे तो हट जाएं, हम करेंगे। छत्तीसगढ़, कर्नाटक और राजस्थान सरकार ने जाति आधारित गणना पर काम शुरू कर दिया है। मध्य प्रदेश में हमारी सरकार आते ही हम यहां भी जाति आधारित गणना कराएंगे। गांधी ने कहा कि जब मोदी सरकार 100 रुपए खर्च करती है, तो ह्रक्ष्ट वर्ग के अफसर 5 रुपए का निर्णय लेते हैं। ऐसे में आदिवासी वर्ग के अफसर कितने रुपए का निर्णय लेते होंगे? इसका जवाब आपको चौंका देगा। आदिवासी अफसर 100 रुपए में से केवल 10 पैसे का निर्णय लेते हैं। आदिवासी वर्ग का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता।



शिवराज सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

कांग्रेस नेता ने कहा कि मध्य प्रदेश की धरती पिछले 18 साल से किसान आत्महत्या, बेलगाम भ्रष्टाचार और आदिवासियों के अपमान का बोझ उठा रही है। लेकिन अब और नहीं। आने वाले चुनाव में मध्य प्रदेश की जनता बीजेपी सरकार को करारा जवाब देगी।

चंडीगढ पीजीआइ में आग लगने की जांच के आदेश, कमेटी बनाई

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। पीजीआई चंडीगढ़ में लगी आग की जांच के लिए 14 सदस्य कमेटी का गठन कर दिया गया है। यह कमेटी आगे से इस तरह की कोई दुर्घटना ना हो इसके लिए उपाय पर भी अपने सुझाव देगी। बता दें कि नेहरू ब्लॉक में सोमवार आधी रात करीब 12 बजे अचानक आग लग गई। आग की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर के यूपीएस से हुई। जिसके बाद पूरे ब्लॉक में धुआं फैल गया। आग के दौरान कुल 424 मरीजों का रेस्क्यू किया गया है। इसमें से 351 वयस्क मरीज हैं। आईसी से 34 मरीज और फीमेल वार्ड से 80 गर्भवती महिलाओं को निकाला गया है। इसके अलावा अलग-अलग विभागों से 56 छोटे बच्चे और 17 बच्चे आग के दौरान निकाले गए मरीजों में शामिल हैं।

हमास से जंग के बीच नेतन्याहू ने फोन पर दी भारत को हालात की जानकारी

पीएम मोदी बोले, हर भारतीय इजरायल के साथ खड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी।

इजरायल और हमास के बीच युद्ध का आज चौथा दिन है। भारत, अमेरिका सहित कई देश इजरायल के साथ खड़े हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए ये जानकारी दी है। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा, मैं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की। उनके फोन कॉल और मौजूदा हालात पर अपडेट देने के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत के लोग इस कठिन समय में इजरायल के साथ मजबूती से खड़े हैं।

युद्ध में 1500 से ज्यादा लोगों की मौत

हमास के आतंकियों ने शनिवार तड़के ने इजरायल पर रॉकेट से औचक हमला कर दिया। इस हमले का इजरायल ने भी करारा जवाब दिया। बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के आतंकियों के खिलाफ जंग छेड़ दी और गाजा में मौजूद आतंकियों पर रॉकेट और बम से हमले करने शुरू कर दिए।

अगर मराठाओं को आरक्षण से वंचित किया तो चुप नहीं बैठेंगे : मनोज जरांगे

नासिक। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा कि आरक्षण मुद्दे को सुलझाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को दी गई 40 दिन की अवधि पूरी होने के बाद उनके समुदाय के सदस्य ''चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा, मराठा और कुनबी (एक ओबीसी समुदाय) एक हैं। हमें किसी का हिस्सा नहीं चाहिए। मराठा समुदाय खेती करता है और इसका रिकॉर्ड हर जगह उपलब्ध है। हमने ऐसे रिकॉर्ड एकत्र किए हैं और मेरे आंदोलन के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। सरकार मराठा आरक्षण के मामले को मजबूत बनाने के लिए 30 दिन का समय चाहती थी।

उजागर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने उजागर किए प्रदेश की भर्तियों में गैर हरियाणवी युवाओं के चयन के आंकड़े

सरकारी भर्तियों में बाहरी राज्यों के युवाओं को प्राथमिकता

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री की रिपोर्ट मीडिया से की साझा, कहा पूरे देश में बेरोजगारी में नंबर वन बना हरियाणा

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र।

चंडीगढ़। हरियाणा की सरकारी नौकरियों में प्रदेश से बाहर के युवाओं को महत्व देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा-जजपा गठबंधन पर सवाल उठाए हैं। ऐसी तमाम नौकरियों का ब्योरा देते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन और औद्योगिक निवेश में सबसे नीचे पहुंच चुका है। संसद में पेश केंद्रीय श्रम मंत्रालय तथा रिजर्व बैंक आफ इंडिया की दो अलग-अलग रिपोर्ट मीडिया से साझा करते हुए दीपेंद्र ने कहा कि हरियाणा के युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं। चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव (रेवाड़ी) और मजदूर कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर को कार्यभार ग्रहण कराने के बाद सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने गठबंधन सरकार पर हमला बोला।

दीपेंद्र ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री रामेश्वर तेली द्वारा सदन में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सीएमआइ की बेरोजगारी की रिपोर्ट को नहीं मानते, लेकिन केंद्र सरकार के मंत्री ने सदन में आन रिकार्ड जानकारी दी है कि जिस हरियाणा में 2013-14 में सिर्फ 2.9 प्रतिशत बेरोजगारी थी, अब 2023-24 में नौ प्रतिशत हो चुकी है। अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जवाब देना चाहिए कि क्या केंद्र सरकार के मंत्री की रिपोर्ट झूठी है। दीपेंद्र हुड्डा ने आरबीआइ की रिपोर्ट के आधार पर बताया कि 21 राज्यों के विश्लेषण में हरियाणा निचले तीन राज्यों में शामिल हो चुका है। 2012-13 में हरियाणा औद्योगिक निवेश में नंबर वन राज्य था। अब युवाओं के विदेश पलायन, बेरोजगारी, गरीबी, डिप्रेशन, नशा और अपराध ने हरियाणा को निवेश के लिहाज से सबसे निचले पायदान पर धकेल दिया है।

प्रदेश में सरकारी नौकरियों के अवसर खत्म कर उन्हें अनुबंधित अथवा कच्ची नौकरियों में बदल दिया गया है। सेना में हर साल हरियाणा से 5500 युवा नौकरी के लिए जाते थे, मगर अग्निवीर योजना के आने के बाद सिर्फ 932 की नौकरी लगी है, इनमें भी 214 ही पक्के होंगे, बाकी सब घर वापस आ जाएंगे।

हरियाणा अपने युवाओं के हितों को लेकर सजग नहीं

हरियाणा लोक सेवा आयोग के चेयरमैन के विरुद्ध मई 2019 की केंद्रीय विजिलेंस कमीशन की एक जांच का हवाला देते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अब तक लोक सेवा और कर्मचारी चयन आयोग में 30 से ज्यादा पेपर लीक घोटाले हो चुके हैं। प्रदेश के जो युवा केंद्रीय लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में टाप रहते हैं, उन्हें हरियाणा सिविल सेवा की परीक्षाओं में फेल किया जा रहा है। हर राज्य अपने प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए सजग होते हैं, मगर हरियाणा अपने राज्य को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के युवाओं को नौकरियां दे रहा है। हरियाणा अपने यहां जीके पर आधारित पूछे जाने वाले सवालों की व्यवस्था भी खत्म कर रहा है।

इन पदों पर हुई गैर हरियाणवी युवाओं की भर्तियां

सांसद दीपेंद्र हुड्डा के अनुसार टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट में द्वितीय श्रेणी के लेक्चरर के 157 पदों पर हुई भर्ती में 103 बाहर के हैं। 2019 में हुई एसडीओ की 80 पदों की भर्ती में 78 बाहरी हैं। 2021 में बिजली विभाग के एलटी के 99 में से 77 बाहर के हैं। सहायक प्रोफेसर राजनीतिशास्त्र के 18 पदों में से 11 बाहर के हैं। एडीओ के 600 पदों की भर्ती में सिर्फ 50 का चयन किया गया, जिनमें 16 बाहर के हैं। एचसीएस एलाइड 2021 के 140 पदों में से 35 बाहरी राज्यों के लगे हैं। सरकारी मेडिकल कालेजों में 187 में से सिर्फ 21 भरे गए। बाकी पर सरकार को योग्य उम्मीदवार नहीं मिले हैं। एचसीएस 2023 के 100 पदों के लिए 61 का चयन किया गया है। इन 61 में भी 44 एक सीरीज के रोल नंबर वाले हैं। सीईटी के पेपर लीक को पौने चार लाख युवाओं का भविष्य पहले ही दांव पर लगाया जा चुका है। ऐसे में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व हरियाणा लोक सेवा आयोग के सामने सरकार को गैर हरियाणा शब्द लगा लेना चाहिए।

आप विधायक अमानतुल्लाह खान के परिसरों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। खान दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके तथा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन के एक मामले की जांच की जा रही है। ईडी धन शोधन रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत परिसरों की तलाशी ले रही है। संघीय जांच एजेंसी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में गैरकानूनी नियुक्तियों से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी और दिल्ली के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) की एक प्राथमिकी पर संज्ञान लिया है।

अमानतुल्लाह पर आरोप

वक्फ बोर्ड अध्यक्ष रहते हुए कई लोगों को गलत तरीके से भर्ती किया।
पक्षपात और भ्रष्टाचार के आरोप भी।
वक्फ की संपत्तियों को किराये पर देने की बात।
वक्फ के धन का दुरुपयोग किया।

खबर फटाफट

सोहना में 12 को उपमंडल न्यायिक परिसर में लगेगी लोक अदालतः देवदत्त

सोहना। सोहना उपमंडल न्यायिक परिसर में 12 अक्टूबर को विशेष लोक अदालत लगाई जाएगी। यहां पर सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट तथा वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार भारद्वाज ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष लोकअदालत का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से किया गया है। विशेष लोकअदालत को लेकर सोहना शहर के साथ-साथ आसपास लगते गांवों में मुनादी के जरिए अभी से ग्रामीणों को अभी से सूचना दी जा रही है। उन्होने बताया कि सोहना में लगने वाली इस विशेष लोकअदालत में वाहन दुर्घटना मुआवजा केस, वैवाहिक मामले, मजदूरी विवाद, जमीन अधिग्रहण मुआवजे से संबंधित मामलों के साथ-साथ दीवानी मामलों में जैसे कि किराया, बैंक ऋण, राजस्व और मनरेगा, बाढ़ पीड़ित, बिजली, पानी बिलों से संबंधित मामले, चेक बाउंस मामले, बच्चों व पत्नी के लिए भरण पोषण से संबंधित लंबित विवाद व राजीनामा योग्य फौजदारी मामले आपसे भाईचारे से निपटाए जाएंगे। इसके अलावा आपका कोई भी अन्य विवाद जो अदालत में लंबित नही है, वह भी विशेष लोकअदालत में लिया जा सकता है। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट तथा वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार भारद्वाज ने कहा कि विशेष लोकअदालत के जरिए दोनों पक्षों की रजामंदी से शांतिपूर्वक समझौता होता है। न्याय के लिए लंबा इंतजार करने की बजाय तुरंत निर्णय दिया जाता है। मुकदमे की हमेशा के लिए समाप्ति से दोनों पक्ष फायदे में रहते है। इस विशेष लोकअदालत में फैसला होने पर आगे कोई अपील नही की जा सकती है। विशेष लोकअदालत में फैसला होने पर सारी कोर्ट फीस वापिस मिल जाती है। आपस में द्वेष भावना नही रहती और प्रतिपक्षी से आपसी भाईचारा व दोस्ती का संबंध बन जाता है। सबसे बड़ी बात ये है कि विशेष लोकअदालत में समान न्याय होने पर ना किसी पक्ष की जीत होती है और ना किसी पक्ष की हार होती है। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय लोकअदालत लंबित मामलों को निपटाने का सबसे अच्छा साधन है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 12 अक्टूबर को सभी जिला व उपमंडलीय अदालतों में राष्ट्रीय लोकअदालतों का आयोजन होगा।

नशे की गिरफ्त में सोहना, तस्कर बेखौफ

सोहना। सोहना, भौंड़सी, बादशाहपुर और आसपास क्षेत्र में नशीले पदार्थों के तस्करों का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। नशीले पदार्थों के तस्कर बेखौफ नशीले पदार्थों की बिक्री कर रहे है तो शराब ठेकों के बाहर लोग शराब पीते व झूमने से बाज नही आ रहे है। झुग्गी-झोपडियों में जहां गांजे की पुडिय़ा बनाकर बेचने का काम हो रहा है तो पब बार आदि में सूखे नशे की चोरी-छिपे बिक्री हो रही है। हुक्का बार भी चोरी-छिपे बेरोकटोक चल रहे है। जिस कारण युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। एसीपी क्राइम वरूण दहिया का कहना है कि पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। जहां से भी जानकारी मिलती है, पुलिस तुरंत छापेमारी करती है।

रामलीलाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं आयोजक : धर्मेन्द्र तंवर

सोहना। यहां पर गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्लयूए के प्रधान धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ ने रामलीला मंचन करने वाली सभी रामलीला कमेटियों से आग्रह किया है कि रामलीला में आने वाले दर्शकों की सुरक्षा की दृष्टि से रामलीला कमेटी अपने-अपने रामलीला स्थलों पर तीसरी आंख रूपी सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाए और सरकार की तरफ से जो भी कायदे-कानून लागू किए गए है, उनका रामलीला कमेटी पूर्ण रूप से पालन करना सुनिश्चित बनाए। साथ ही उन्होने प्रशासन से मांग की है कि रावण दहन वाले दिन पुलिस प्रशासन रावण दहन स्थलों पर सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी व्यवस्था करने के साथ-साथ दोपहिया व चार पहिया वाहनों को रावण दहन स्थल तक पहुंचने से रोकने के लिए रूट डायवर्ट करने को तरजीह दे और रामलीला देखने आने वाले लोगों के वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल उपलब्ध कराए।

पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीपावली मनाएं : नरेन्द्र

सोहना। यहां पर स्थानीय शूज विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान लाला नरेन्द्र गर्ग अड़बरिया ने लोगों विशेषकर बच्चों से आग्रह किया है कि वह पर्यावरण को शुद्ध रखने तथा प्रदूषण पर रोक के लिए पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीपावली मनाए। दीपावली पर पटाखों की जगह अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाए। उन्होने पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से मनुष्य और वन्य प्राणियों को होने वाले नुकसान के बारे में बताया और कहा कि हम सभी को चाहिए कि पटाखा मुक्त-पर्यावरण युक्त दीपावली मनाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाए। प्रत्येक व्यक्ति इसे अपनी जिम्मेदारी समझे।

जाम से लोगों को नहीं मिल रही निजातः राकेश शर्मा

सोहना। गांव सांचौली में रहने वाले प्रमुख समाजसेवी राकेश शर्मा सांचौलिया का कहना है कि शिवनगरी सोहना के बाजारों में जगह-जगह अतिक्रमण और भारी वाहनों के आवागमन के चलते त्यौहारी सीजन में भी जाम के हालात नजर आ रहे है। सर्कल एसडीएम के बाजार को जाम मुक्त बनाने के दिए गए निर्देश नगरपरिषद अधिकारियों की लापरवाही के आगे बौने साबित हो रहे है। प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

पंजाबी धर्मशाला में रामलीला 14 से होगी प्रारंभः विनीत रतड़ा

सोहना। यहां पर श्री सनातन धर्मसभा के तत्वाधान में स्थानीय पंजाबी धर्मशाला प्रांगण में 14 अक्टूबर से आयोजित होने वाली श्रीराम की लीलाओं में श्रद्धालुओं को शामिल होने के लिए श्री सनातन धर्मसभा के प्रधान लवली जुनेजा, रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन विनीत रतड़ा, श्री सनातन धर्मसभा के पूर्व प्रधान डाक्टर नरेश पाहूजा व विमलेश गोस्वामी, देविन्द्र आहूजा, उमेश जुनेजा कोकी, पंडित हेमंत वशिष्ठ, अमित अरोड़ा, विवेक बाली, राहुल पपरेजा, गोपाल गेरा, सूरज भटेजा, रोहिन डूडेजा, विक्की डूडेजा, यशपाल वर्मानी, चंद्रभान रतड़ा, राजेश पाहूजा, विजय धवन, दीपू संदूजा, राजकुमार सेठी, वेदप्रकाश धवन, विपिन मल्होत्रा, दीपक बाली आदि ने मंगलवार को बाजार में आकर व्यापारियों को सपरिवार स्थानीय पंजाबी धर्मशाला प्रांगण में आयोजित होने वाली श्रीराम की लीलाओं में शामिल होने का न्यौता दिया ।

भौंडसी-नयागांव में 25 अवैध कॉलोनियां नियमित ना होने पर हुई पंचायत

पंचायत में बनाई गई 51 सदस्यीय कमेटी

कॉलोनियां नियमित ना किए जाने से लोगों में रोष का माहौल

51 सदस्यीय कमेटी अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने की करेगी पैरवी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना ब्लाक के आदर्श गांव भौंड़सी-नयागांव में 30 अवैध कॉलोनियों में पर्याप्त आबादी होने के बावजूद 30 में से 25 अवैध कॉलोनियों को नियमित ना किए जाने पर क्षेत्र के लोगों की पंचायत आयोजित हुई। पंचायत में बोलते हुए विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने श्यामकुंज, वाटिकाकुंज, रेयान इंकलेव, भूपसिंहनगर और सरस्वती इंकलेव के नियमित किए जाने लेकिन 25 कॉलोनियों को अभी तक नियमित ना किए जाने से इन कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों व लोगों में बेचैनी व रोष का माहौल बना हुआ है। कई घंटों लंबी चली इस पंचायत में 51 लोगों की कमेटी गठित की गई है, जो शासन-प्रशासन से इन अनियमित कॉलोनियों को नियमित कराने के लिए पुरजोर पैरवी करेगी। यहां पर भौंड़सी क्षेत्र के नयागांव ग्रामपंचात के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार द्वारा राज्य में 306 अवैध कॉलोनियों को वैध करने वाली दी गई सौगात का स्वागत किया है और इसे जनहित में उठाया गया दूरदर्शी फैसला बताया है। नयागांव ग्रामपंचात के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने नयागांव क्षेत्र की 5 अवैध कॉलोनियों में श्यामकुंज, वाटिकाकुंज, रेयान इंकलेव, भूपसिंहनगर और सरस्वती इंकलेव को नियमित किया है जबकि करीब 25 अवैध कॉलोनियां अभी भी ऐसी है, जो नियमित नही की गई है। उन्होने भरोसा जताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार जल्द ही इन 25 अनियमित कॉलोनियों को नियमित कर जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए जनता का दिल जीतने का काम करेगी। जल्द ही इन कॉलोनियों के नियमित होने पर इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बिजली-पानी, सीवरेज समेत जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार फैसला लेगी। उन्होने यह भी खुलासा किया कि मिलेनियमसिटी नगरनिगम की तरफ से इन कॉलोनियों को नियमित करने के लिए प्रस्ताव बनाकर स्थानीय निकाय विभाग को भेजा गया। नगरनिगम क्षेत्र के दायरे में आ रही इन कॉलोनियों के जल्द ही नियमित होने पर मोहर लग सकती है। उम्मीद है कि नगरनिगम इन कॉलोनियों को वैध करने की कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। उन्होने बताया कि इन कॉलोनियों की जनसंख्या, क्षेत्रफल, सीवरेज, पेयजल की सुविधा के अलावा यह कॉलोनियां कितने वर्ष पहले अस्तित्व में आई, इन कॉलोनियों में आरडब्लयूए है या नही, सर्वे के दौरान इन सब बातों को ध्यान में रखकर इनकी रिपोर्ट तैयार कर निगम की तरफ से चंडीगढ़ स्थित नगरनिगम कमिश्नर यूएलबी डायरेक्टर और यूएलबी मंत्री को भेजे जाने पर मुख्यमंत्री ने यह फैसला लिया ताकि इन कॉलोनियों में सडक़, सीवर, पेयजल, स्ट्रीट लाइट समेत सभी जरूरी व मूलभूत सुविधाएं निगम की तरफ से उपलब्ध कराई जा सके। ऐसा होने पर इन कॉलोनियों में रहने वाले लाखों लोगों को फायदा मिलेगा। इस मौके पर राकेश मावी, आरपी सिंह यादव सनी एनक्लेव वेल्फेयर कॉलोनी उपाध्यक्ष, सुबेदार सूरजप्रकाश सनी एंक्लेव अध्यक्ष, गौतम बनवारी अध्यक्ष, कैप्टन शीशपाल पूर्व अध्यक्ष मोहननगर, सुनील कुमार चौरसिया अध्यक्ष आरबीएसएम कॉलोनी, मुकेश कुमार शर्मा, विनोद नेगी उपाध्यक्ष शांतिकुंज, विजय कुमार गुप्ता, सुनील कुमार शर्मा शांतिकुंज फ़ेस-वन उपप्रधान व विनोद नेगी, शांतनु अध्यक्ष एकता एन्क्लेव, ओमकार चौहान अध्यक्ष व रवि पंडित उपाध्यक्ष लीलावती कॉलोनी इन्द्रजीत सिंह अध्यक्ष व प्रदीप गुप्ता उपाध्यक्ष स्नेह विहार, प्रदीप कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष शिव समिति वाटिकाकुंज, गोविंद यादव अध्यक्ष अधाना एन्क्लेव, अजय गुप्ता, लाल सिंह मैंबर दलीप यादव, राजवीर चौधरी, पिंटू सिंह, सुनील कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र मास्टर, योगेन्द्र शर्मा, जोगिंदर यादव, अमित झा, सत्येन्द्र मिश्रा, श्यामबीर सिंह, डाक्टर नरेंद्र कुमार, एसके साहु ,संजय सिंह जनप्रतिनिधि आरडब्लयूए कृष्णा कुंज कालोनी आदि मौजूद रहे।

ट्रकों के सड़क पर खड़े रहने से चालक परेशान

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना में जगह-जगह सड़क मार्ग पर रोजाना भोर सवेरे से देर रात तक सड़क किनारे खड़े रहने वाले लंबे-लंबे ट्रोला, बिना नंबरी पत्थरों से भरे ओवरलोड डंपर एवं सामान से भरी बड़े-बड़े ट्रक सड़क पर चलने वाले दोपहिया वाहनों एवं कार चालकों के लिए हादसे का सबब बन रहे है। बता दें कि नेशनल हाईवे पर सर्विस रोड़ के किनारे सोहना से भौंडसी, सोहना से तावडू, नूंह, पलवल, गुडग़ांव आवाजाही वाले सड़क मार्गों पर सड़क किनारे बने होटलों के इर्द-गिर्द और सड़कों के किनारे कई-कई किलोमीटर तक रूके ये ट्रोला सड़क के दोनों तरफ खड़े रहते है। शाम होते ही इन ट्रालों व डंपरों का जमावड़ा और अधिक हो जाता है, जो पूरी रात रहता है। दिन में भी दोनों तरफ खड़े वाहनों के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क के दोनों ओर बने रास्ते पर 5-5 फुट जगह घेरकर लंबे ट्रोला और डंपरों के खड़े रहने, मार्ग संकरा होने तथा रात में सामने से पडऩे वाली लाइट से दोपहिया वाहनों के कभी भी दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा यहां शहर के भीतर भी बनी सर्विस रोड के दोनों छोरों पर 2-2 किलोमीटर तक मिस्त्रियों और डंपरों, ईट से भरे ट्रैक्टरों आदि ने जबरदस्त अतिक्रमण कर रखा है। देखने में आ रहा है कि यहां पर गाड़ी ठीक करने वाले मिस्त्रियों द्वारा सर्विस मार्ग को गैराज के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम को सड़क के दोनों तरफ खड़े ट्रालों व डंपरों से सड़क से निकलना दूभर हो गया है। रात में सामने से लाइट पडऩे के कारण सड़क पर खड़े वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाता क्योंकि वाहन चालक डिप्पर का प्रयोग भी नहीं करते जिसके कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने यातायात पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों से मार्ग को मुक्त करवाया जाए। वही इस समस्या से डीसीपी यातायात को अवगत कराए जाने पर उन्होंने बताया कि सड़क अथवा सड़क के किनारों पर गाड़ी पार्क करना कानूनन अपराध है। यह मामला अब उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने सोहना रोड़ यातायात पुलिस को निर्देश दिए है कि सड़क किनारे खड़े रहने वाले लंबे ट्रोला, डंपरों को खड़ा ना होने दिया जाए। सड़क के ऊपर अथवा किनारे पर ट्रोला व डंपर समेत कोई भी वाहन खड़ा होने पर उसका चालान काट वाहन को भी कब्जा पुलिस में लिया जाए।

सोहना विधानसभा में हजारों लोगों ने आम आदमी पार्टी में जताई आस्थाः धर्मेंद्र

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना अभयपुरिया के नेतृत्व में सोहना विधानसभा क्षेत्र में परिवार जोड़ो अभियान के तहत कई नुक्कड़ कार्यक्रम तथा घर-घर जाकर परिवार जोड़े जा रहें है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना अभयपुरिया ने बताया कि दिल्ली और पंजाब सरकार जो जनता के हित में कार्य कर रही है वह कोई भी पार्टी आज कार्य करते हुए धरातल पर नहीं दिख रही है। जिसके सैकड़ो प्रमाण है। जनता की मूलभूत सुख-सुविधाओं की बात की जाए तो शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सडक़, सीवर और महिला सुरक्षा जैसे कार्यों में आम आदमी पार्टी की एक पहचान बन चुकी है। इन सभी कार्यो को देखकर दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को वोट किया, उसके बाद पूर्ण राज्य पंजाब को भी आम आदमी पार्टी की झोली में डाला। जिस प्रकार से जनता का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है, उससे अब आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हरियाणा भी वर्ष-2024 में जीतने जा रही है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना अभयपुरिया ने कहा कि परिवार जोड़ो अभियान से हजारों सोहना विधानसभा के लोग जुड़ रहे है क्योंकि पिछली सरकारों ने जनता के साथ जो विश्वासघात किया है, उन सभी मुद्दों पर आम आदमी पार्टी खरी उतर रही है और आम आदमी पार्टी की तरफ जनता का एक तरफा फैसला वर्ष-2024 विधानसभा के लिए बन रहा है। आम आदमी पार्टी का परिवार जोड़ो अभियान सिर्फ एक अभियान ही नही बल्कि जनता के दुख और दर्द को समझने के लिए आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल के हम सभी सिपाही पूरे प्रदेश में घर-घर जाकर जनता के दर्द को बांटने का काम कर रहे हैं। जिससे संगठित होकर वर्ष-2024 विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी को जड़ से उखाड़ फेंकने का कार्य कर सके और पिछली राजनीतिक पार्टियों और नेतागणों ने जनता का एक तरह से शोषण करने का कार्य किया। वही हाल सोहना विधानसभा के अंदर है। उन्होंने कहा कि वर्ष-2022 में पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी को मौका दिया तो अरविंद केजरीवाल ने जो वादे पंजाब के लोगों से किए थे, वो सरकार बनने के तीन महीने के अंदर ही पूरे कर दिए। पंजाब में स्कूल, कॉलेज और अस्पताल बनाए जा रहे हैं। पंजाब में 82 प्रतिशत लोगों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है। अफसरों के बच्चे भी सरकारी स्कूल में पढऩे लगे हैं। पंजाब में दिल्ली के तर्ज पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जो लोग पंजाब के लोगों को लूट रहे थे, उनको पजांब के लोगों ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया। पंजाब में बड़े बड़े धुरंधरों को हराकर 117 में से 92 सीटें आम आदमी पार्टी ने जीती। पंजाब की जनता ने राजा महाराजाओं का साथ छोडक़र आम लोगों का साथ दिया। उन्होंने कहा कि चाहे अमीर हो या गरीब जनता के पास वो सबसे बड़ी ताकत है, जिसको वोट कहते हैं। उस वोट से आप अपनी मर्जी की सरकार बना सकते हो, जैसे पंजाब ने बनाई है। पंजाब में दूसरी पार्टियों के धुरंधर कहते थे कि हमें तजुरबा है, इनको राजनीति नहीं आती लेकिन आज आम घर के लोग ही पंजाब में सरकार चला रहे हैं और अच्छी सरकार चला रहे हैं। आम लोगों ने बड़े बड़े नेताओं को धाराशायी किया।

रूला रही महंगाई-सभी चीजों के बढ़े दाम

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक चलने वाले श्री दुर्गा महोत्सव पूजा आयोजन को लेकर बाजार में रौनक देखने को मिल रही है। क्षेत्र में रहने वाले बंगाल, असम, बिहार और ओडिशा के लोगों ने दुर्गा पूजा को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। साथ ही पूजा के दौरान और पूजा के बाद मां दुर्गा विसर्जन में पर्यावरण सुरक्षित उपायों को अपनाने का फैसला लिया है। देखने वाली बात ये है कि इस बार रविवार, 15 अक्टूबर से नवरात्रे प्रारंभ है। दुर्गा पूजा को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दुर्गा पूजा में प्रयुक्त की जाने वाली मूर्तियों की मांग भी तेजी से बढ़ी है लेकिन नवरात्रे शुरू होने से पहले ही यहां फलों और व्रत में काम आने वाली सामान की कीमतों में एकाएक उछाल आ गया है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोग नवरात्रों में खरीदे जाने वाले सामान के दामों में एक तिहाई से ज्यादा मूल्य वृद्धि से खासे विचलित है। नवरात्रों का सामान खरीदने के लिए बाजारों में श्रद्धालुओं का मेला सा लगा है। ऐसे में सबसे ज्यादा भीड़ सिंघाड़े, कुट्टू के आटे, सामकिया वाले चावल, साबूदाने, पूजा पाठ का सामान, नारियल व चुन्नी आदि बेचने वाले विक्रेताओं की दुकानों पर देखने को मिल रही है। आलू व फलों के दाम भी तेजी से ऊपर की तरफ चढ़ रहे है। गृहणियों रजनी चौहान, रजनी भारद्वाज, गांव सिरहोल की ढाणी रायसीना से सामान खरीदने आई कैलाश देवी यादव, किरण राव, चुंगी एक से आई बबीता सैनी, सुशीनगर कॉलोनी से आई रितेश देवी सैनी, गांव दमदमाढाणी से आई बृजेश गुर्जरी, रामर्मदिर एरिया से आई मंजू राजपाल, फौहारा चौक से आई दीपा सिंगला और कच्चा बेरका रोड़ से आई उषा सैनी, पूजा सैनी आदि महिलाओं का कहना है कि जो आलू पहले 15-16 रुपए प्रति किलो मिल रहा था, अब उसी आलू के दाम 30 रुपए किलो हो गए है।

पार्क के इर्द-गिर्द अतिक्रमण ने जोर जमाया

सोहना। यहां पर सदर पुलिस थाने के नीचे बने महाराजा अग्रसेन पार्क के इर्द-गिर्द हाथ रेहड़ी, रिक्शा और खोखा वालों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है। आसपास का सारा कूड़ा भी पार्क के मेन गेट पर ही डाला जा रहा है। इतना ही नही शाम ढलते ही मदिरापान के शौकीन लोग पार्क को सुरक्षित जगह मान लाल परी का शौक फरमाने से बाज नहीं आते। अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ सुभाष बंसल ने कई बार पार्क का मौका मुआयना कर अतिक्रमणकारियों को हड़काया और शाम के वक्त पार्क के इर्द-गिर्द पुलिस गश्त भी लगवाई। लोगों का कहना है कि यह पार्क आसपास के लोगों के लिए बहुत ही आरामदायक है। वह सुबह-सवेरे और रात्रिकालीन वक्त में पार्क में भ्रमण के लिए आते है। नगरपरिषद को पार्क के बाहर डल रहे कूड़े पर रोक लगानी चाहिए। पार्क के इर्द-गिर्द जमे अवैध कब्जों को तत्काल प्रभाव से हटवाना चाहिए और पियक्कड़ों को सबक सिखाने के लिए रोजाना रात के वक्त पार्क के इर्द-गिर्द पुलिस की राइडर गश्त नियमित रूप से होनी चाहिए ताकि ना केवल पार्क का सौन्दर्यकरण बरकरार रहे बल्कि आसपास रहने वाले लोग भी सुबह-सवेरे और रात के वक्त पार्क में टहल सके। अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान सुभाष बंसल का कहना है कि उपरोक्त समस्याओं को वह जल्द ही एसीपी सोहना और नगरपरिषद प्रशासन तथा सर्कल एसडीएम के समक्ष रखेंगे।

बाजार में सुबह-सवेरे से लग जाता है चंहू ओर जाम : धारीवाल

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट का कहना है कि स्थानीय नगरपरिषद प्रशासन की बरती जा रही लापरवाही और निष्क्रियता के चलते यहां के बाजारों में चंहु ओर बेवजह जाम का नजारा देखने को मिल रहा है। बता दें कि यहां पर शहर पुलिस थाने से शहर के प्रत्येक प्रमुख बाजार वाले रास्तों में दिन के वक्त जबरदस्त भीड़भाड़ होने के बावजूद ट्रैक्टर-ट्रालियों और सामान लादने-उतारने वाले बड़े वाहन, ट्रकों आदि की आवाजाही पर रोक ना लगाने का खामियाजा आम जनमानस विशेषकर छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। यहां के बाजारों में सड़कों पर दुकानों के आगे 5 से 8 फुट जगह-जगह पर किया गया अतिक्रमण भी जाम को बढ़ाने में सहायक साबित हो रहा है। बसअडडे से लेबर चौक वाले रास्ते पर स्थित बैंकों का कैश लाने ले जाने वाली गाड़ी के आए दिन बीच सड़क में रोककर खड़ी किए जाने से जाम को बढ़वा मिल रहा है। यहां के बाजार मार्किटों में सामान खरीदने आने वाले लोग बाजार में भीड़ होने के बावजूद अपने वाहनों को बाजार के भीतर सड़क किनारे अथवा सड़क पर आड़े-तिरछे खड़ा कर देते है। जिस कारण सुचारू यातायात में बाधा पडऩे पर जाम लग जाता है। सड़क किनारे व सड़क के ऊपर वाहनों के खड़े होने से आवाजाही वाले वाहन बीच सड़क में अटककर खड़े हो जाते है और कई-कई घंटों जाम खुलने का इंतजार करते रहते है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट का कहना है कि जनहित में स्थानीय नगरपरिषद व पुलिस प्रशासन को आपस में तालमेल बिठाकर यहां पर बाजार के भीतर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलाने की पहल करनी चाहिए।

स्वस्थ जीवन ही मनुष्य की खुशी का मूल आधार : कौशिक

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर दौहला रोड स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में अभिभावकों को जागरूक बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी को डिप्रेशन में नही रहना चाहिए। स्वस्थ जीवन ही स्वस्थ रहने का मूल आधार है। उन्होने अभिभावकों को स्वस्थ रहने के टिप्स देते हुए कहा कि %पहला सुख निरोगी काया% वाली कहावत पर हमें जीवन भर अमल करना चाहिए और निरोगी रहने के लिए जरूरी है कि प्रतिदिन प्रात- समय जल्दी उठा जाए। प्रातकालीन भ्रमण, योगा किया जाए। प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने के लिए पौधारोपण को बढ़ावा दिया जाए क्योकि जहां प्रदूषण नही होता, वहां इंसान की उम्र 10 से 20 साल ज्यादा बढ़ जाती है। विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक समेत विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जीवन स्वस्थ रखने के लिए मनुष्य को खानपान सही रखना चाहिए।

तहसील कार्यालय में बिजली न आने से जरूरतमंद परेशान

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रमुख समाजसेवी कमल सिंह धुनेलिया ने हलका विधायक संजय सिंह, हलका एसडीएम तथा उपायुक्त का ध्यान यहां पर स्थानीय तहसील कार्यालय में बार-बार बिजली की आंख-मिचौली और खराब पड़े जरनेटर की तरफ दिलाते हुए जनहित में मांग की है कि सोहना तहसील कार्यालय में कार्य दिवस के दौरान होने वाले कार्यों के दृष्टिगत खराब पड़े कम्पयूटर को जल्द ठीक कराया जाए और तहसील में चल रही बिजली की आंख-मिचौली व घोषित-अघोषित कटों पर रोक लगवाई जाए। कई लोगों ने आंखों देखी बताते हुए खुलासा किया कि यहां पर आज पूरा दिन तहसील कार्यालय में बिजली गुल रही। जिस कारण हलफनामे पर फोटो खिचवाने वाले लोगों के फोटो नही खिच पाए और जिन लोगों को अपने रिहायशी व जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कम्पयूटर पर फोटो खिचवाने थे, वह भी बिजली गुल होने से परेशान रहे और सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आने का इंतजार करते रहे तो वह बिजली गुल को देख ये कहते हुए अपने घरों को लौट गए कि एक-2 रोज में दोबारा आकर फोटो कराएंगे।

समस्या बिल्डिंग मैटेरियल का सामान डालने वाले व्यापारियों से वाहन चालक और राहगीर सभी परेशान

प्रशासन की नाक के नीचे रेता-रोड़ी की आड़ में हो रहा है खुला प्रदूषण

सड़क पर रोड़ी-रेता से धूल उड़ने पर प्रदूषण को मिल रहा है बढ़ावा

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। प्रदूषण पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के लिए ग्रेप लागू होने के बावजूद बादशाहपुर, भौंड़सी, मारूतिकुंज में जगह-जगह तथा सोहना शहर में नेशनल हाईवे के साथ लगे सर्विस रोड़ के किनारे अथवा खाली प्लॉटों को किराए पर लेकर बिल्डिंग मैटेरियल का सामान डालने वाले व्यापारियों से वाहन चालक और राहगीर सभी परेशान है, वही प्रदूषण विभाग समेत संबंधित विभागों की लापरवाही के आगे केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रदूषण पर रोक वाले निर्देश यहां कागजी दिखावा साबित हो रहे है क्योकि पूरा-पूरा दिन सड़क पर रोड़ी-रेता से धूल उडऩे पर प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। लोग टीबी जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे है लेकिन इस तरफ लोगों के बार-बार गुहार लगाने के बावजूद प्रशासन कोई ध्यान नही दे रहा है। देखने में आ रहा है कि सोहना शहर में नेशनल हाईवे वाली सड़क के दोनों तरफ बनाए गए सर्विस रोड पर चुंगी नंबर एक से बसअडडे तक बिल्डिंग मैटेरियल का काम करने वाले दुकानदारों ने सड़क किनारे और रोड पर ही रेता, बजरी, ईंटें आदि मैटेरियल डालकर सर्विस लाइन वाले रोड को अपनी बपौती समझ लिया है। सड़क के साथ पड़ा क्रेशर रेता पूरा-पूरा दिन हवा में उड़ता रहता है। रेता उड़कर दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों की आंखों में गिरने से जहां लोग परेशान है, वही कई बार छुटपुट हादसे भी हो चुके है। सर्विस रोड पर रेता, बजरी, रोड़ी, ईटों का जमावड़ा और दिन भर उड़ती रेत भरी धूल कभी भी देखी जा सकती है। ताज्जुब तो यह है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन व नगरपरिषद प्रशासन और प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी भी इस तरफ से पूरी तरह आंखें मूंदे हुए है। जनहित में सर्विस लाइन को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन द्वारा तनिक भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर में बसअडडे के बाहर मेन रोड पर, शहर पुलिस थाने के सामने, बाईपास एरिया में तावडू रोड, पलवल रोड, इंडरी मोड़ तथा चुंगी नंबर एक से निरंकारी कॉलेज तक जबरदस्त अतिक्रमण देखने को मिल रहा है। जिससे साफ जाहिर है कि अतिक्रमणकारी प्रशासन के नियमों की धडल्ले से धज्जियां उड़ा रहे है। सर्विस रोड पर शनै- शनै- अतिक्रमणकारी पुन- कब्जा जमाए हुए है। महत्वपूर्ण यह है कि शहर के भीतर वाली सड़कों पर तो अतिक्रमणकारियों का इतना जबरदस्त हौसला बुलंद है कि अतिक्रमण के आगे बाजार में वाहन आवाजाही तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। प्रशासनिक अधिकारियों की गाडिय़ां कई बार जाम में फंसकर जाम का स्वाद चख चुकी है। फिर भी प्रशासनिक अधिकारी शहर में बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाने की बजाय कुंभकर्णी नींद में सोए नजर आते है। बताते चले कि सोहना शहर में बाईपास से निरंकारी कॉलेज तक और गोल चक्कर से चुंगी एक तक सर्विस लाइन पर पुन- अतिक्रमण के चलते कही मोटर मैकेनिक सर्विस लाइन के ऊपर वाहनों को ठीक करते नजर आते है तो कही सर्विस लाइन वाली सड़क पर डंपर, ट्र

खबर फटाफट

अधिवक्ता राजेंद्र यादव को डीएजी नियुक्त करने पर अधिवक्ताओं ने दी बधाई

गुरुग्राम। जिला बार एसोसिएशन गुरुग्राम के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र यादव को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय में डिप्टी एडवोकेट जनरल (डीएजी) नियुक्त करने पर गुरुग्राम बार एसोसिएशन के सदस्य बड़े उत्साहित हैं और उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार व उच्चतम न्यायालय के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। उनका कहना है कि बार का एक सदस्य इस पद पर पहुंचा है, जिससे गुरुग्राम बार की प्रतिष्ठा भी बढ़ी है। राजेंद्र यादव की नियुक्ति पर पंडित अरुण शर्मा एडवोकेट, चौधरी संतोख सिंह, ब्रह्मप्रकाश, परमतप मुदगिल, सम्मी कपलिश, अजय सिंह, मुकेश सैनी, हरीश मल्होत्रा, अंकुर शर्मा, मीर सिंह यादव, राम मेहर तंवर, नरेश दीक्षित, डा. हिम्मत सिंह यादव, विपिन गुप्ता, जितेंद्र कौशिक, राजीव यादव आदि ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से राजेंद्र यादव गुरुग्राम में बतौर अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रहे हैं। वह महेंद्रगढ़ के कनीना गांव के एक संपन्न परिवार से हैं। जिला बार के सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने एक युवक को 479 पव्वे अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सैक्टर 40 द्वारा अरुण को सैक्टर 33 से अवैध शराब सहित काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से 479 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद करने पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया है।

सभी नागरिक ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान की पालना करें सुनिश्चित

गुरुग्राम। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू किए गए ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान की पालना सभी नागरिक सुनिश्चित करें। इसके तहत ऐसी कोई भी गतिविधि ना करें, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़े। नगर निगम गुरूग्राम क्षेत्र में जीआरएपी की पालना सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग टीमें क्षेत्र में निगरानी रख रही हैं तथा अगर कोई व्यक्ति जीआरएपी की अवहेलना करता है, तो उसके चालान किए जा रहे हैं। जीआरएपी लागू होने के बाद अब तक नगर निगम गुरूग्राम द्वारा 23 उल्लंघनकर्ताओं के 98500 रूपए के चालान किए गए हैं। इनमें कचरा जलाने के मामले में एक उल्लंघनकर्ता पर 5000 रूपए, सीएंडडी वेस्ट मामले में 5 उल्लंघनकर्ताओं पर 50 हजार रूपए तथा ठोस कचरा प्रबंधन की अवहेलना पर 17 उल्लंघनकर्ताओं पर 43500 रूपए के चालान शामिल हैं। ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान के तहत किसी भी प्रकार के कचरे में आग लगाना, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा व मलबा फैंकना, बिना ढके निर्माण सामग्री रखना व ट्रांसपोर्ट करना प्रतिबंधित है। इसके साथ ही निर्माण एवं तोडफोड़ गतिविधियों में पर्यावरणीय नियमों की पालना सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर को

गुरुग्राम। अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 दिसंबर को जिला गुरुग्राम में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 दिसंबर को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा।

किन्नर वर्ग को पेंशन स्कीम, प्रति माह 2750 रुपये

गुरुग्राम। समाज कल्याण विभाग की ओर से समाज के अति पिछड़े, निराश्रित बच्चों, विधवा, दिव्यांग एवं वृद्धजन आदि जरूरतमंद तबके को हर महीने सरकार की नीतियों के अनुसार सहायता राशि दी जा रही है। हरियाणा सरकार ने किन्नर समुदाय के लिए भी पेंशन योजना शुरू की हुई है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग की ओर से विभिन्न वर्गों की भलाई के लिए पेंशन स्कीम चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 51 हजार 322 पात्रों को वृद्धावस्था, 4 हजार 365 को दिव्यांगता, 30 हजार 844 महिलाओं को विधवा, चार हजार 458 निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, लाडली स्कीम के तहत 489 लड़कियों, स्कूल नहीं जा रहे 151 दिव्यांग बच्चों और एक मूक बधिर बालक को सरकार की ओर से मासिक पेंशन का लाभ दिया जा रहा है।

62वें दिन भी जारी रहा आशा वर्कर्स का आंदोलन

मिनी सचिवालय पर प्रदर्शन कर की नारेबाजी

सरकार की हठधर्मिता जारी रही तो 30 अक्टूबर को संसद पर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। सरकार के अडियल रवैय्ये से नाराज़ हड़ताली आशा वर्कर्स पिछले कई माह से हड़ताल पर हैं। मिनी सचिवालय पर वे डेरा डाले पड़े हैं। इस आंदोलन को विभिनन श्रमिक, कर्मचारी संगठनों, सामाजिक व राजनैतिक दलों का समर्थन भी मिलता जा रहा है। मंगलवार को मिनी सचिवालय पर प्रदर्शन करते हुए आशा वर्कर्स यूनियन ने घोषणा की है कि 18 अक्तूबर को मंत्रियों के आवास पर 24 घंटे प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी सरकार की हठधर्मिता जारी रही तो 30 अक्टूबर को संसद पर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की राज्य उप प्रधान सुधा ने कहा कि उनकी हड़ताल 62वें दिन में प्रवेश कर गई है। लेकिन आज तक मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के पास आशा वर्कर्स यूनियन के साथ बातचीत करने का समय तक नहीं है। प्रदेश की 20 हजार आशा वर्कर 62 दिन से हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी से हुई बात पर आश्वासन मिला था कि मुख्यमंत्री से बात कराई जाएगी, जिसमें आशा वर्करों की मांगों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा, लेकिन बातचीत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आशा वर्करों के हौंसले बुलंद हैं और मांगों के मानें जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। श्रमिक नेताओं सुभाष लांबा, सतबीर सिंह, निरंतर पाराशर आदि ने भी आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सभी श्रमिक संगठन उनके साथ हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आंदोलनरत आशा वर्कर्स की मांगों को तुरंत मान लिया जाए, ताकि आशा वर्कर्स सरकार की परियोजनाओं में अपना पूरा योगदान दे सकें। प्रदर्शन में यूनियन की मीरा, रानी, पूनम, रीना, कुसम, ललीता, संगीता, मंजू शामिल रही। आशा वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर जबरदस्त नारेबाजी करती दिखाई दी।

पुलिस ने सुरक्षित ब्राउजिंग के महत्व के बारे में किया जागरुक

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के 10वें दिन गुरुग्राम पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करके सुरक्षित ब्राउजिंग के महत्व के बारे में लोगों को जागरुक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा अक्टूबर माह को साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके व विभिन्न माध्यमों से आमजन को साईबर सुरक्षा से सम्बन्धित विषयों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को साईबर अपराधों की बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना है, ताकि वो किसी भी प्रकार के साईबर अपराध का शिकार ना हो और इन अपराधों को अंजाम देने वाले ठगों पर लगाम लगाई जा सके। इस जागरूकता अभियान के तहत गुरुग्राम पुलिस द्वारा अयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर तैयार किए गए रुपरेखा के अनुसार जागरूकता अभियान के दसवें दिन मंगलवार को सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध विपिन अहलावत के नेतृत्व में सुरक्षित ब्राउजिंग के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए गुरुग्राम के पुलिस थाना साईबर की पुलिस टीमों द्वारा गुरुग्राम के विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया कि सुरक्षित ब्राउजिंग करने की आदतों को अपनाकर हम साईबर अपराधों से बच सकते हैं। इस दौरान बताया गया कि अपने सिस्टम को अप टू डेट रखना चाहिए। हमें हमेशा द्धह्लह्लश्च वाली वेबसाइट पर ही ब्राउज करना चाहिए। सुरक्षित ई-मेल व वेबसाइट पर ही ब्राउज करना चाहिए।

तीर्थ यात्रा आध्यात्म की ओर जाने का सुमार्ग : बोधराज सीकरी

समय-समय पर तीर्थ यात्रा करने से दैनिक जीवन में चल रही परेशानियों से कुछ समय के लिए मुक्ति मिल जाती है

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी द्वारा साईबर सिटी के विभिन्न क्षेत्रों में जहां हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कराया जा रहा है, वहीं अन्य सामाजिक गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। समाजसेवी जगदीश सचदेव ने मदनपुरी एवं अन्य स्थानों के करीब 45 श्रद्धालुओं को गंगा स्नान तीर्थ दर्शन के लिए बोधराज सीकरी से आग्रह किया गया, जिस पर उन्होनें श्रद्धालुओं के आने-जाने, जलपान व हरिद्वार में निशुल्क 2 दिन के लिए जामपुर भवन में रहने की व्यवस्था कर तीर्थ यात्रियों उपहार दिया है। सभी श्रद्धालु बोधराज सीकरी के प्रयासों की सराहना करते नहीं थक रहे। इससे पूर्व उन्होंने श्रद्धालुओं को हरिद्वार व वृन्दावन भेजा तथा अंधविद्यालय से छात्रों को भी तीर्थ स्थल भ्रमण पर भेजा। बोधराज सीकरी ने कहा कि समय-समय पर तीर्थ यात्रा करने से दैनिक जीवन में चल रही परेशानियों से कुछ समय के लिए मुक्ति मिल जाती है। मंदिर में आने वाले भक्तों के नकारात्मक विचार नष्ट होते हैं और सोच सकारात्मक बनती है। आमतौर पर अधिकतर प्राचीन तीर्थ और मंदिर ऐसी जगहों पर बनाए गए हैं, जहां का प्राकृतिक वातावरण हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। प्राचीन संस्कृति को जानने का मौका मिलता है। मंदिर के पंडित और आसपास रहने वाले लोगों से संपर्क होता है, जिससे अलग-अलग रीति-रिवाजों को जानने का अवसर मिलता है। भगवान और भक्ति से जुड़ी मान्यताओं की जानकारी मिलती है। जिसका लाभ दैनिक जीवन की पूजा में मिलता है।

धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

बालकृष्ण की सुंदर झांकी निकाली गई, श्रद्धालुओं ने खूब बधाईयां दी

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। राजीव नगर स्थित गुफावाले शिव मंदिर में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमदभागवत पुराण में मंगलवार को चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बालकृष्ण की सुंदर झांकी निकाली गई, श्रद्धालुओं ने खूब बधाईयां दी और मिठाईयां वितरित कर खुशी मनाई। इस दौरान हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल, नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। महामंडलेश्वर साध्वी आत्मचेतना गिरि ने कहा कि जिस प्रकार अग्नि सूखी घास को जलाकर राख बना देती है इस प्रकार श्री भगवान का पवित्र नाम चाहे जान में या अनजाने में कैसे भी लिया जाए मनुष्य के पूरे पापों को नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चिकित्सक रोगी को कड़वी या मीठी दवाई देते हैं और उसके खाने से रोगी ठीक हो जाते हैं। उसी प्रकार हमें भगवान में विश्वास कर उसके नाम का उच्चारण करना चाहिए । इसका फल हमें अवश्य मिलता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक छोटे बच्चे को उसकी माता साबुन से मलमल के नहलाती है जिससे बच्चा रोता है, परंतु उस माता उसके रोने की परवाह किए बिना जब तक नहलाती है, जब तक उसका मैल न निकल जाए। यह बात बच्चा नहीं समझता। इसी प्रकार हमको दुख देने से परमेश्वर को कोई लाभ नहीं है, परंतु हमारे पूर्वजन्मों के कर्म काटने के लिए, हमको पापों से बचाने के लिए और जगत का मिथ्यापन बताने के लिए वह हमको दुःख देता है। इसलिए दुःख से निराश न होकर, हमें प्रभु से मिलने के बारे मे विचार करना चाहिए और भजन सुमिरन का ध्यान करना चाहिए। महामंडलेश्वर का कहना है कि प्राणी को नित्य सुख और आनंद की प्राप्ति के लिए जीवन से कामनाओं का अंत करना चाहिए क्योंकि कामना में जीवन भूख प्रधान बनकर, जीवन में दुख अभाव और अशांति उत्पन्न करता है। कामनाओं से छुटकारा तभी मिलेगा जब हमारी सांसारिक वस्तुओं से आसक्ति समाप्त हो जाए और यह दो ही स्थितियों में संभव है या तो मृत्यु से या त्याग से। मृत्यु से वस्तु नष्ट हो जाती है किंतु संबंध बना रहता है और त्याग से वस्तु बनी रहती है किंतु उससे संबंध नष्ट हो जाते हैं। इसलिए जीवन में त्याग अति आवश्यक है। क्योंकि त्याग किए बिना प्रभु से प्रेम नहीं हो सकता। हृदय में एक ही रह सकता है या तो प्रेम या सांसारिक कामनाएं। उन्होंने कहा कि जब भी पृथ्वी पर पाप बढ़ते हैं तो प्रभु उन पापियों का नाश करने के लिए किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं जैसे कि पृथ्वी पर जब जरासंध जैसे राक्षसों का आतंक बढ़ गया तो भगवान श्री कृष्ण ने पृथ्वी पर जन्म लिया ।

बैंकों की सुरक्षा को लेकर गुरुग्राम पुलिस गंभीर

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस के डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में सभी बैंक पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बैंको की सुरक्षा को लेकर विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस उपायुक्त ने बैंको की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए एटीएम और बैंक परिसरों मे अपराधियों की पहचान के लिए सॉफ्टवेयर से लैस उन्नत निगरानी व उच्च गुणवत्ता वाले मेगापिक्सेल कैमरे लगाने का सुझाव दिया। मीटिंग के माध्यम से बताया गया की सभी एटीएम के अंदर कैमरे इस तरह से लगाए जाए ताकि एटीएम मे प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति के चेहरे की स्पष्ट वीडियो कैप्चर हो सके और साथ ही रात्रि के लिए नाइट विजन कैमरे लगाने की भी व्यवस्था की जाए। ग्रामीण और शहरी इलाकों में रात के दौरान एटीएम पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाए और उन्हें सतर्क रहने के जानकारी दी जाए व बैंकों या एटीएम में संदिग्ध तरीके से घूमते पाए जाने वाले व्यक्तियों के बारे में पुलिस हेल्पलाइन नंबर -112 पर कॉल करके पुलिस को सूचित किया जाए। पुलिस उपायुक्त विजय प्रताप द्वारा सुझाव दिया गया की सभी बैंकों को समय-समय पर यह सुनिश्चित करना चाहिए की उनके द्वारा लगाए गए कैमरे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं।

पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के तहत कैंप का आयोजन आज : यशपाल बतरा

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ उप महापौर यशपाल बतरा द्वारा आज बुधवार को लेडी ऑफ फातिमा स्कूल के निकट अपने कार्यालय पर पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के तहत गुरुग्राम के रेहड़ी/पटरी विक्रेताओं को जागरुक करने के लिए कैंप आयोजित किया जाएगा। यशपाल बतरा ने बताया कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी, गरीबी उन्मूलन स्कीमें केंद्र सरकार ने चलाई हुई हैं। स्वयं रोजगार कार्यक्रम के तहत जिन शहरी परिवारों की वार्षिक आय 2 लाख से कम है, वे 7 प्रतिशत ब्याज में छूट के साथ अपना नया रोजगार या पहले से कार्यरत रोजगार को बढ़ा सकते हैं। शहरी महिला स्वयं सहायता समूह के तहत 10 शहरी गरीब महिलाओं का स्वयं सहायता समूह बनाया जाता है, जिसमें 3 माह के बाद ग्रुप को 10 हजार रुपए का भत्ता दिया जाता है व समय-समय पर प्रशिक्षण एवं 10 लाख रुपए का ग्रुप लोन कम ब्याज पर दिलाया जाता है। बतरा ने कहा कि सरकार ने पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, बीओसीडब्ल्यू के तहत पंजीकरण, पीएम जन-धन योजना, श्रम योगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना आदि चलाई हुई हैं, जिनका लाभ देश के हर वर्ग को मिल रहा है।

कार्यक्रम

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर योग का आयोजन किया गया

मानसिक स्वास्थ्य में योग का अहम योगदान

छोटे बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की रोकथाम पर काम करने के लिए, समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। सोहना रोड स्थित केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर योग का आयोजन किया गया। इस मौके पर हलासन, सर्वांगासन, पश्चिमोत्तासन, शवासन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। शिक्षकों ने बताया की योग न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करती हैं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने के प्रयासों के लिए समर्थन में प्रयास करना है। यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर काम करने वाले सभी हितधारकों को इस बारे में बात करने का अवसर प्रदान करता है। स्कूल की प्रिंसिपल नीलिमा कामराह ने कहा कि आज के समय की जरूरत है कि सभी शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से भी स्वास्थ रहें।मानसिक स्वास्थ्य में योग का अहम योगदान है। आजकल मानसिक तनाव की समस्या बहुत आम हो गई है। हर किसी में ये समस्या देखी जा सकती है। छोटे बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की रोकथाम पर काम करने के लिए, समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शुरू करने के लिए स्कूल सबसे अच्छे स्थानों में से एक हैं। खुश और स्वस्थ विकास सुनिश्चित करने के लिए स्कूल बच्चों के मानसिक संतुलन और भलाई की देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल और ध्यान जैसी शारीरिक गतिविधियां चिंता और तनाव को दूर करने में मदद करती हैं।

रक्तदान शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। आईएमटी मानेसर स्थित सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसीजन फोर्गिंगस लिमिटेड परिसर में रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 51 लोगों ने रक्तदान किया। सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि जन्मदिन जैसे शुभ अवसर पर किसी अन्य सदस्य को रक्तदान करके जीवनदान देने में सहायक बनकर आप सबसे बहुमूल्य सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी की जिंदगी बचाना सबसे बड़ी समाज सेवा है। शिविर में रंगनाथन, नरेंद्र गर्ग, अमीन राव, प्रवीन यादव, सुखबीर यादव, हेमंत कुमार, नरेश शर्मा, सोनी शर्मा, डा. आशीष, प्रभात कुमार, अर्जुन, संजय, कमल, अतुल पराशर, अनन्ता कुमार साहा, प्रियंका अरोड़ा, सुलक्षणा भारद्वाज, जयदेव, सुनील आदि आदि मौजूद रहे।

खबर फटाफट

तावडू में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

तावडू। उपमंडल के गांव मौहम्मदपुर अहीर की ढाणी में नाले के पास एक युवक का शव मिलने से गांव व क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने गांव के चौकीदार की सूचना पर मौके पर पहुंच अपनी कार्रवाई शुरू कर दी थी और शव को पोस्टमार्टम के लिए नूंह भेजा दिया। गांव मौहम्मदपुर पुलिस चौकी इंचार्ज पीएसआई सुमित ने बताया कि मंगलवार प्रात- सूचना गांव के चौकीदार ने दी कि गांव की फिरनी में एक युवक (35 वर्ष) का शव नाले के पास पडा हुआ है। जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई कर नूंह अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

तावडू में मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश के बावजूद भी खुलती हैं दुकानें, श्रम विभाग मौन

तावडू। शहर में मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश होने के बाद दुकानदार अपने प्रतिष्ठान खोलने से बाज नहीं आ रहे हैं। श्रम विभाग की लापरवाही के चलते साप्ताहिक अवकाश के दिन शहर में बहुत से प्रतिष्ठान खुले रहते हैं। जिसके चलते अन्य दुकानदार को इसका ऐतराज रहता है। श्रम विभाग ने जल्द इस तरफ ध्यान नहीं दिया तो शहर से साप्ताहिक अवकाश खत्म हो जाएगा।

शहर में मुख्य मार्गों पर अधिकतर दुकानें खुली रहती हैं और साप्ताहिक अवकाश प्रभावी नहीं हो पाता। शहर में मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश का दिन निश्चित हैए लेकिन इसके बाबजूद भी दुकानदार दुकान खोलते हैं। लोगों को प्रशासन के आदेशों का कोई असर नहीं हो पा रहा है। क्योंकि श्रम विभाग के अधिकारी तावडू शहर की तरफ झांक कर भी नहीं देखते।

साईं का अवतार सभी को जोड़ने के लिए : सीमा रानी

तावडू। शहर में स्थित श्रीसाई धाम मंदिर में मंगलवार को मंदिर एवं दरबार संचालिका सीमा रानी ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीसाई बाबा का अवतार सभी को जोडने के लिए हुआ है। आज पूरा विश्व में कहीं भी चले जाओ भेदभाव मिल जाएगा। लेकिन साईंनाथ के यहां कोई भेदभाव नहीं है।उन्होंने कहा कि सभी धर्म के सभी जातियों के सभी धर्म के सम्प्रदाय के लोग आकर अलग-अलग तरह से प्रार्थना व अरदास करते हैं। आज के दौर में सभी बाबा से प्रभावित हो रहे हैं। क्योंकि जो भी जाता है उसका काम हे जाता है। उसका जीवन बदल जाता है। जीवन में हम नई उमंग और शक्ति के साथ उसमें ऊर्जा आ जाती है और उसे स्वयं ही साई की अनुभूति होने लगती है। अनुभूति से साई के रहने का अहसास होने लगता है। आज के समय साई की जो शिक्षा है उसी के माध्यम से सबको एक करके देश में एकताए अखंडता का वातावरण ला सकते हैं।

यादव सभा महेंद्रगढ़ की मीटिंग आयोजित

महेंद्रगढ़। यादव सभा महेंद्रगढ़ की कार्यकारिणी की मंगलवार को यादव धर्मशाला परिसर में स्पेशल बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव ने की। परंपरागत अनुसार मातृभूमि पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों तथा हमारे आसपास हुई दिवंगत आत्माओं को 2 मिनट का मौन रखकर शत-शत नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बैठक में मुख्य रूप से सभा के सेक्रेट्री रोहतास सिंह यादव ने आय व व्यय के संबंध में विस्तृत ब्यौरा दिया। इसके अतिरिक्त बैठक में शहर के जर्जर हुए सडक़ों के बारे में तथा सभा के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, अहीर रेजिमेंट हक हमारा। की गतिविधियों में सहयोग के बारे में विचार विमर्श किया गया। कोषाध्यक्ष बाबू जगदीश प्रसाद ने पेंडिंग बिलों की अदायगी का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा सभी उपस्थित सभा सदस्यों ने सहमति प्रदान की तथा अन्य किए गए, सामाजिक, धार्मिक कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की बैठक में रिटायर्ड प्रोफेसर बस्तीराम खैरवाल व निशुल्क कानूनी सलाहकार धर्मवीर सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी उपस्थिति रही। राष्ट्रगान के बाद जय यादव, जय माधव। के जय घोष के बाद बैठक संपन्न हुई।

पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों पर की कार्रवाई, 4 गिरफ्तार

नारनौल। महेंद्रगढ़ जिले में पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के सख्त निर्देशानुसार जिला महेंद्रगढ़ में असामाजिक गतिविधियां फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिस अभियान के तहत अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अरविंद वासी मेघनवास, प्रताप वासी तोताहेड़ी, सुरेंद्र उर्फ लंगड़ा वासी मालडा बास, कृष्ण वासी नसीबपुर के रुप में हुई।पुलिस अधीक्षक कहा कि जिले में पुलिस द्वारा अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, विशेष नाके लगाकर आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अगर कोई व्यक्ति किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, शरारत इत्यादि करता पाया गया या सार्वजनिक स्थान पर शराब पीता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

75 करोड़ रुपए की लागत से बन रही सड़कें भ्रष्टाचार की चपेट में

सड़कों का निर्माण अधूरा छोड़ने से आए दिन हो रहे हैं हादसे, कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। मेवात जिले में तीनों विधायकों की सिफारिश पर 75 करोड रुपए की लागत से बन रही जर्जर सड़कों में भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है। इतना ही नहीं इन सड़कों को ठेकेदारों द्वारा खुदवा कर इनमें रोड़ा डालने के बाद यूं ही छोड़े जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोगों ने इन सड़कों को बनाने वाले ठेकेदारों और इनकी देखरेख करें विभाग के जई के खिलाफ प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मेवात जिले के उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा से इनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आपको बता दें कि मेवात जिले में लगभग एक वर्ष पहले मेवात के तीनों विधायकों की सिफारिश पर उन्हें सड़कों के लिए 25-25 करोड रुपए की राशि विस्तृत की गई थी और तीनों विधायकों से बनने वाली सड़कों की सिफारिश मांगी गई थी। जिस पर तीनों विधायकों ने अपनी अपनी विधानसभा के लगभग 75 जर्जर सड़कों की लिस्ट विभाग को सौंपी थी। जिस पर विभाग द्वारा टेंडर छोड़कर इनकी मरम्मत करवाने के लिए काम शुरू करवाया गया। आपको बता दें कि नूंह से विधायक आफताब अहमद ने अपनी विधानसभा में लगभग 25 सड़कों की सूची पीडब्ल्यूडी विभाग को सौंपी थी, जिनमें 25 करोड रुपए की लागत आनी है और इन सड़कों की मरम्मत के लिए टेंडर छोड़कर काम शुरू कर दिया गया है। वही फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान इंजीनियर ने भी अपनी विधानसभा में 25 करोड रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों की लिस्ट विभाग को सौंपी और फिरोजपुर झिरका विधानसभा में भी इन सड़कों पर काम शुरू हो गया है। इसी तरह पुनहाना विधानसभा में भी 25 करोड रुपए की लागत से विधायक मोहम्मद इलियास की सिफारिश पर विभाग द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। लेकिन सबसे बड़ी परेशानी की बात यह है कि ठेकेदारों ने इन सड़कों पर काम तो शुरू कर दिया है लेकिन इन सड़कों को खोदकर और इनमें रोड़ा डालकर इन्हें यूं ही छोड़ दिया गया है। जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं सड़कों पर पड़े इन रोडो की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे राहगीरों को चोट लगने के साथ-साथ उनके वाहनों में भी काफी नुकसान हो रहा है। ऐसा ही मामला पिनगवां खंड के गांव तेड़ से फिरोजपुर जा रही सड़क का है और तेड़ से काटपूरी वाया औथा चोखा तक को गई सड़क का है। जिसमें रोडा डालकर ठेकेदार ने इस सड़क को अधूरा छोड़ दिया है। जिससे सड़क में काफी भ्रष्टाचार का मुद्दा लोग उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जहां इन सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूती करण होना है, वही ठेकेदार द्वारा कम मात्रा में रोडा डालकर और उन में मिट्टी भरकर मात्र खाना पूर्ति की जा रही है और विभाग के जई की मिली भगत के चलते इस सड़कों में काफी घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। जिससे ग्रामीणों ने ठेकेदार और विभाग के जई की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और जिला उपायुक्त से कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा इन सड़कों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और सरकार के पैसे को विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर बंदर बांट की जा रही है। जिससे सरकार को चूना लगाते हुए उक्त ठेकेदार और अधिकारी मिलकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। जिससे यह सड़कें कुछ समय बाद फिर से जर्जर हो जाएंगी और लोगों को फिर वही गड्ढा भरी सड़कों में गुजरने को मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द ठेकेदारों द्वारा किया जा रहे इन सड़कों पर काम की जांच की जाए।

क्या कहते हैं पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन शमशेर सिंह

जब इस बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन शमशेर सिंह से बात की तो, उन्होंने कहा कि विधायकों की सिफारिश पर जिले में 75 करोड रुपए की लागत से जर्जर सड़कों को चौड़ीकरण और मजबूती करण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो सड़के पहले 12 फुट थी, उन्हें 16 फुट बनाया जा रहा है और उनका दोनों तरफ से तीन-तीन फीट चौड़ीकरण करके सरकार की गाइडलाइन द्वारा जीएसबी डालकर बनाया जा रहा है।अगर कोई ठेकेदार कम मात्रा में जीएसबी या दूसरा मटेरियल डालता है तो उसकी जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शौचालयों की सफाई पंजीकृत टैंकर से ही कराई जाए: प्रदीप

बिना पंजीकरण वाले टैंकर द्वारा शौचालय की सफाई करने पर 5 हजार जुर्माना

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। जिले के सातों खंडों में शौचालय के मल को खाली करने वाले टैंकर-ट्रैक्टरों मालिक ड्राइवरों की बैठक प्रदीप अहलावत सीईओ डीआरडीए नूंह की अध्यक्षता में डीआरडीए आफिस नूंह में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के संबंधित ग्राम सचिव, खंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आबिद उपमंडल अभियंता तथा परवेज कनिष्ठ अभियंता से संपर्क कर टैंकर और ट्रैक्टर मालिक द्वारा शीघ्र ही 500 रुपए की राशि जमा करा कर रजिस्ट्रेशन कार्य कराना अनिवार्य है, अन्यथा रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर जुर्माना तथा कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसके लिए टैंकर मालिक जिम्मेदार होगा द्ध बिना पंजीकरण वाले टैंकर मालिकों द्वारा शौचालय की सफाई करने पर 5 हजार रुपए की राशि का जुर्माना लगेगा। जिले के चार खंड नामत- नूंह, तावडू, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना में चार (शिलज ट्रीटमेंट प्लांट) एसटीपी का क्रियान्वयन रखरखाव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में करवाया जा रहा है द्ध इन एसटीपी में ही शौचालय मल वाले टैंकरों को खाली करना अनिवार्य है, ताकि इन एसटीपी में मल वाले पानी का सुरक्षित निपटान हो सके द्ध इस अवसर पर वरुण शर्मा एपीओ, सकील एसीईओ, गोविन्द राम प्रजापति डीपीएम, खंड समन्वयक सुभाष, प्रेम, अंसार, आरिफ, तालिम,अलीम, आबिद उपमंडल अभियंता,परवेज कनिष्ठ अभियंता, संदीप, जैकम बीआरसी जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहित काफी टैंकर मालिक ड्राइवरों ने भाग लिया।

चाईल्ड लेबर एक्ट की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही, प्रशासन मौन

चाईल्ड लेबर लगाने वाले दुकानदारों व अभिभावकों को कानून का कोई खौफ नही

नरेश मेहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर व क्षेत्र में चाईल्ड लेबर एक्ट की सरेआम धज्जियां उडाई जा रही हैं। विभाग जानकर भी अनजान बना है। जिस कारण भारी संख्या में बच्चों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है। जिन बच्चों को स्कूल में होना चाहिए उन्हें खुलेआम दुकानों पर काम करते हुए देखा जा सकता है। चाईल्ड लेबर को रोकने के लिए सरकार ने कानून तो बनाये हुए है लेकिन प्रशासन इन कानूनों को सख्ती से लागू करने पर कोई ध्यान नहीं देता। जिस कारण चाईल्ड लेबर लगाने वाले दुकानदारों व चाईल्ड लेबर करवाने वाले अभिभावकों को इन कानूनों का कोई खौफ नहीं है। जो खुलेआम बच्चों से काम करवाकर उनके भविष्य से खिलवाड कर रहे है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से चाईल्ड लेबर पर अंकुश लगाने की मांग की है। एडवोकेट डीके अग्रवाल, जगदीश सिह हाकमचंद, रोशन लाल, पवन कुमार, महेन्द्र सिंह, रामलाल, बिटटू, विकास, नरेन्द्र, अरविंद आदि ने संयुक्त रूप में बताया कि बचपन मनुष्य के जीवन का सबसे यादगार पल होता है। उन्हें न किसी बात की चिंता होती है और न ही कोई जिम्मेवारी उन पर होती है। खूब खेलना कूदना, पढना-लिखना, मौज मस्ती बच्चों की आदतों में सुमार होता है। लेकिन गरीबी बच्चों से उनके ये हसीन पल छीन लेती है। ऐसा नजारा शहर में चाय की दुकान, होटल, ढाबों व अन्य दुकानों आदि पर छोटे छोटे बच्चों को काम करते हुए देखा जा सकता है। जिन्हें बहुत थोडे वेतन पर दुकानदार अपनी दुकान पर रख लेते है और उनका भरपूर शोषण करते है। सुबह से शाम तक बच्चों को काम पर लगाया जाता है। छोटी सी उम्र में काम करने के कारण बच्चे का मानसिक व शारीरिक विकास नहीं हो पाता। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से बच्चों क भविष्य को देखते हुए मांग की है कि वह इस ओर ध्यान देकर बच्चों के भविष्य को अंधकार से बचाएं।

तावडू अनाज मंडी व सब्जी मंडी में गंदगी से परेशान लोग

मंडी में आढ़तियों को बिमारी का डर

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर की नई अनाजमंडी में प्रशासन की लापरवाही से मंडी में जगह-जगह कूडे के ढेर व सडकों पर नालियों का गंदा पानी भरा है। जिससे मच्छर-मक्खियों के साम्राज्य के साथ-साथ मंडी में सुअरों का आतंक बना हुआ है। किसान फसल बेचने के लिए कुछ समय के लिए आता है और फसल बेच कर चला जाता है। लेकिन मंडी में रहने वाले लोग इन दिनों बीमारियों की चपेट में हैं। मंडी व्यापारियों व वहां रहने वाले लोगों ने इसकी कई बार शिकायत संबंधित विभाग से की है। लेकिन कोई सुनवाई न होने के कारण लोगों ने अब शासन से गुहार लगाने का मन बना लिया है। उल्लेखनीय है कि तावडू का शिलान्यास 29 जनवरी 1987 को हरियाणा सरकार में गृहमंत्री रहे चौधरी तैय्यब हुसैन के कर कमलों द्वारा किया गया था। आज उस स्थान पर बडी-बडी झाडियां व कूडा करकट तथा सडकों पर नालियों का पानी भरा हुआ है। जिस पर मच्छर-मक्खियों का साम्राज्य बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर शहर की अनाजमंडी में ही अस्थाई तौर पर चल रही सब्जी मंडी की दुर्दशा और भी सोचनीय है। क्योंकि यहां चारों ओर गंदगी व सुअर तथा आवारा पशु मंडराते रहते हैं। जिससे मंडी में आने वाले व रहे वाले लोग दुखी हैं। मार्किट कमेटी सचिव विजय कुमार ने बताया कि अनाजमंडी व सब्जीमंडी में टूटी हुई सडकों को बनवाने के लिए तथा साफ-सफाई के लिए उच्चअधिकारियों को पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि मार्किट कमेटी में मात्र एक सफाई कर्मचारी है। जिससे इतनी बडी मंडी की साफ सफाई नहीं हो पाती है। इसलिए सफाई कर्मचारी के लिए भी आवेदन किया गया है।

डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने फसल अवशेष जलाने पर लगाया प्रतिबंध

धारा-144 के तहत आदेश किए पारित

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा-144 के अंतर्गत आदेश पारित कर जिला नूंह में फसल अवशेष व धान की पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि उप निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से खरीफ फसल की कटाई के बाद जिला नूंह में धान की पराली व फसल अवशेष जलाने संबंधी आशंका जताई गई है। इससे पर्यावरण में प्रदूषण व धुंए की स्थिति बन सकती है, जोकि जनजीवन के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। व्यापक स्तर पर प्रदूषण रोकने के दृष्टिगत यह आदेश पारित किए गए हैं। उन्होंने सभी उपमंडल मजिस्ट्रेट, संबंधित क्षेत्र के उप पुलिस अधीक्षक, उप निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को इन आदेशों की अनुपालना दृढ़ता से सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने किसानों का भी आह्वान किया है कि वे खेतों में धान की पराली व फसल अवशेष न जलाएं, बल्कि पराली का उचित प्रबंधन करें या फिर पशुचारे के रूप में इसका उपयोग करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि इन आदेशों के संबंध में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए तथा किसानों को इन आदेशों के संबंध में अवगत कराया जाए।

सार्वजनिक शौचालय अपनी दुर्दशा पर बहा रहे आंसू

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर में विभिन्न स्थानों पर बने सार्वजनिक शौचालय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। आमजन तो असुविधा का शिकार हो रहा हैए वहीं तहसील प्रांगण में बना सार्वजनिक शौचालय कई वर्षों से बुरी हालत में है। जिसे लेकर तहसील प्रशासन कई बार उच्च अधिकारियों को इस स्थिति से अवगत करा चुका है।

लेकिन प्रशासन जान कर अंजान बना है। शहर में लगभग 20 स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय बने हुए हैं। जो लगभग सभी सार्वजनिक शौचालय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं।

शहर के पटौदी रोड, सोहना रोड, रेवाडी रोड, बाईपास, नूंह रोड आदि पर प्रशासन ने सार्वजनिक शौचालय बनाए हुए हैं। लेकिन इनकी साफ सफाई न होने के कारण इनका इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। शहर के पटौदी चौक पर पुलिस चौकी के बराबर में बना सार्वजनिक शौचालय पुलिस कर्मियों के लिए सिरदर्द बना है। पुलिस जवान वहां डयूटी तक नहीं दे पा रहे हैं। क्योंकि शौचालय से निकलने वाली दुर्गंध उन्हें दूर-दूर तक खडा नहीं होने देती। ऐसा ही हाल लगभग सभी शौचालयों का हो चुका है। वहीं तहसील प्रांगण में बने सार्वजनिक शौचालय की दुर्दशा इस हालत में है कि प्रशासन ने महिला शौचालय को तो ताला ही लगा रखा है।

पुरूष शौचालय में दुर्गंध के चलते कोई जाना ही नहीं चाहता और मौका देखकर लोग इधर-उधर लघुशंका के लिए बैठ जाते हैं। जिससे हालत खराब हो रही है और लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है।

समीक्षा उपायुक्त ने शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

शहरों के विकास पर किया जाए विशेष फोकस : डीसी

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय के माध्यम से जिला के सभी शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दिए जाए। इसके लिए शहरों की सड़कें अच्छी हों। नालों, नालियों व सीवर की साफ-सफाई निरंतर की जाए तथा सभी वार्डो में निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से विकास कार्य करवाए जाएं। सभी शहरों में ट्रैफिक लाइटें ठीक होनी चाहिए तथा सार्वजनिक शौचालयों की निरंतर साफ-सफाई व रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय के काफ्रैंस हाल में शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जो भी अवैध कालोनियां हैं, उनका सरकार से सूचीबद्ध एजेंसियों से सर्वे करवाया जाए। शहर में कहीं पर भी गंदगी व कचरा जमा नहीं रहना चाहिए। घरों से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन होना चाहिए। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शहरों में बरसाती पानी की निकासी व नालों, सीवर की साफ-सफाई व पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग व मिकाडा के अधिकारी मिलकर ऐसी परियोजना तैयार करें कि शहरों से निकालने वाले पानी को एसटीपी के माध्यम से दोबारा खेतों में सिंचाई के लिए उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि शहर के सभी नाले व नालियां साफ रहने चाहिए। उन्होंने एसडीएम फिरोजपुर-झिरका को निर्देश दिए कि दिल्ली-अलवर रोड पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने दें तथा इसकी निरंतर मॉनिटरिंग करते रहें। जहां भी अतिक्रमण मिले, उसे तुरंत हटावाया जाए। इससे सड़क सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी तथा वाहनों का आवागमन भी सुगम होगा।

इस अवसर पर नगरपरिषद नूंह के चेयरमैन संजय मनौचा, नगरपालिका फिरोजपुर झिरका के चेयरमैन मनीष जैन, पुन्हाना नगरपालिका के चेयरमैन बलराज सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त रेनू सोगन व विडियो कांफ्रेस के माध्मय से सभी एसडीएम तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बोलेरो कैंपर के शीशे तोड़ने व बंदूक दिखाने पर मामला दर्ज

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। स्थानीय रेवाड़ी रोड पर एक एजेंसी में सर्विस करवाने के लिए आई बोलेरो कैंपर गाड़ी के शीशे तोड़ने व गाड़ी को अन्य नुकसान पहुंचाने तथा सर्विस स्टेशन के बाहर बंदूक दिखाने का मामला सामने आया है। इस बारे में पीड़ित गाड़ी चालक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नांगल चौधरी के छापड़ा बीबीपुर निवासी राजवीर ने बताया कि वह रेवाड़ी रोड पर गांव सुरानी के पास एक निजी स्कूल के सामने बने महिंद्रा के शोरूम पर अपनी महिंद्रा बोलेरो कैंपर गाड़ी की सर्विस करवाने के लिए आया था। उस वर्कशॉप के गेट के सामने उसने अपनी गाड़ी को खड़ा कर दिया था। गाड़ी खड़ा करके वह कहीं काम से चला गया। शाम को 4-45 बजे उसके पास फोन आया कि वह महिंद्रा वर्कशॉप से बोल रहा है। उसकी गाड़ी को तीन-चार लडक़ों ने गेट के बाहर कुल्हाड़ी व लाठी डंडों से तोड़ दिया। एक लडक़े ने अपने दोनों हाथों में देसी कट्टा भी लिया हुआ था तथा वह जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। सूचना मिलते ही वह वर्कशॉप के सामने पहुंचा तो देखा कि उसकी सफेद रंग की कैंपर गाड़ी के सारे शीशे टूटे हुए थे। कंडक्टर साइड से खिडक़ी को कुल्हाड़ी से काट रखा था। इससे गाड़ी में काफी नुकसान हुआ है। पुलिस में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खबर फटाफट

अटल सेवा केंद्र संचालकों को सीएससी पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने जिला के सभी अटल सेवा केंद्र संचालको को निर्देश दिए हैं कि वे अटल सेवा केंद्रों के माध्यम से दी जा रही विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने व निर्धारित वर्ग को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से केंद्रों पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सीएससी का औचक निरीक्षण किया जाएगा और कोताही पाए जाने पर सीएससी संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए जरूरी सेवाओं जैसे विवाह पंजीकरण, रिहायशी प्रमाण पत्र, बीसी, ओबीसी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए अटल सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके लिए सरकार द्वारा सरकारी फीस निर्धारित की गई।

डीसी ने कहा कि किसी भी सीएससी संचालक द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित फीस से ज्यादा राशि वसूली जाती है तो ऐसे सीएससी संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिक निर्धारित फीस देकर समयबद्ध तरीके से विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ ले सके इसके लिए सभी केंद्रों पर रेट लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य है। सरकार की अंत्योदय उत्थान की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में अटल सेवा केंद्र खोले गए हैं।

उन्होंने बताया कि यदि कोई अटल सेवा संचालक अपने गांव या वार्ड के अलावा किसी दूसरी जगह पर सेंटर संचालित करता पाया गया तो उस केंद्र का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत सभी अटल सेवा केंद्रों पर फिजिकल वेरिफिकेशन की जाएगी। इस दौरान यदि किसी केंद्र पर ब्रांडिंग और सर्विस चार्ट रेट नहीं मिला तो संबंधित केंद्र पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

रेवाड़ी। स्थानीय महेंद्रगढ़ मार्ग पर गांव बुडौली बस स्टैंड के निकट पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार जिले के गांव बुडौली निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वे तीन भाई है तथा उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। उनके बीच वाला भाई 42 वर्षीय दिनेश कुमार किसी कार्य से गांव के बस स्टैंड पर गया था। इसी दौरान पैदल जाते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चलक मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलने के बाद वह तुरंत मौके पर पहुंचे तथा अपने भाई को एम्बुलेंस की मदद से ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची खोल थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया तथा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरु कर दी है।

प्रदेश स्तरीय स्केटिंग में रेवाड़ी के खिलाड़ियों ने झटके अनेक पदक

रेवाड़ी। हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में रेवाड़ी जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अनेक पदकों पर कब्जा जमाया। कोच संदीप कुमार और मुकेश चौहान के नेतृत्व में शामिल हुए प्रतिभागियों में ऋषि वर्ल्ड स्कूल धारूहेड़ा के दो छात्रों परीक्षित जांगड़ा ने अंडर-8 आयु वर्ग में लाइनर स्केट्स में दूसरा व अमरीश यादव ने अंडर-10 आयु वर्ग में लाइनर स्केट्स में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल के पूर्व यादव ने अंडर-6 आयु वर्ग में एडजस्टमेंट स्टेटस में दूसरा स्थान प्राप्त किया और दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ने अंडर-8 आयु वर्ग में क्वार्ट स्केट्स में दूसरा स्थान प्राप्त किया और डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के छात्र छात्र हर्षित ने अंदर 8 आयु वर्ग में एडजस्टमेंट स्टेटस में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सभी खिलाडि ों और टीम कोच को आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह लोहान, प्रदेश महासचिव नरेश और हरियाणा कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रोहतास नांदल ने सम्मानित किया।

डा. नवीन अदलखा व अतुल बत्रा शैक्षणिक मामला समिति के सदस्य बने

रेवाड़ी। शक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए डा. नवीन अदलखा और अतुल बत्रा को हरियाणा स्कूल ऑफ एजुकेशन बोर्ड भिवानी की शैक्षणिक मामला समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अगले दो साल के लिए की गयी है।

इस समिति की भूमिका हरियाणा के सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए अपनी सिफारिश देना है। डॉ अदलखा और अतुल बत्रा ने बोर्ड के अध्यक्ष डॉ वीपी यादव को उनकी क्षमता में विश्वास दिखाने के लिए धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि वे सुधार के लिए अपने सकारात्मक सुझाव देंगे। इस मौके पर मनीष राव, श्रीभगवान यादव, हंसराज यादव, कृष्ण कुमार भारद्वाज, डा. गुलशन तनेजा, प्रो. सतीश खुराना, प्रो. नरेश दुआ, महेश यादव, वेद शर्मा ने दोनों को बधाई दी।

जेएनवी नैचाना में कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए 31 अक्टूबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

वर्ष 2014 में 10 फरवरी को आयोजित करवाई जाएगी परीक्षा

रेवाड़ी। नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर संभाग द्वारा रेवाड़ी जिला के गांव नैचाना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं व 11वीं में रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री टेस्ट के माध्यम से प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। डीसी एवं जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना के अध्यक्ष राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 9वीं व 11वीं में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा अगले वर्ष 10 फरवरी, 2024 को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण और विवरण के लिए विद्यार्थी व उनके अभिभावक वेबसाइट पर लॉगिन कर सकते हैं।

मांगों को लेकर गरजे सफाइकर्मी

सफाई कर्मचारियों ने तीन दिवसीय हड़ताल शुरु कर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरियाणा स्टेट के प्रधान देवीराम ने कर्मचारियों की अनेक मांगों से अवगत कराया

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय 3 दिवसीय राज्यव्यापी रेवाड़ी, हड़ताल शुरु की। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पर जिला प्रधान राजकुमार की की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया। मंच का संचालन मनोज कुमार ने किया।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा हरियाणा स्टेट के प्रधान देवीराम ने कर्मचारियों की अनेक मांगों से अवगत कराया। जिला प्रधान ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का करने, 400 की आवादी पर एक कर्मचारी नियुक्त करने, जिन कर्मचारियों की मौत हो चुकी है, उनके परिवार के सदस्य को नियुक्त किया जाए तथा परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए, 10 फीसदी वेतन बढ़ोतरी की जाए, सभी कर्मचारियों को काम के औजार समय पर उपलब्ध कराए जाएं, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के बच्चों की पढ़ाई के लिये 1125 रुपये मासिक भता दिया जाए, सालाना 4 वर्दी व जूते दिए जाएं, पढ़े-लिखे कर्मचारियों में से काम की देखरेख व हाजरी का जिम्मा दिया जाए आदि शामिल हैं।

इस मौके पर भवन निर्माण यूनियन के कामरेड रामकुमार तथा कामरेड राजसिंह ने भी विचार रखे। जिन्होंने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने कर समस्याओं का समाधान करने की आवाज को बुलंद किया।

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने अजीत तोंगड को बनाया दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का कोऑर्डिनेटर

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और एआईसीसी नेशनल कोऑर्डिनेटर रेवाड़ी के सेक्टर तीन निवासी अजीत तोंगड को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा 2024 लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली प्रदेश में बड़ी जिम्मेवारी दी गई है। पार्टी ने उन्हें दिल्ली प्रदेश में कोऑर्डिनेटर लगाया है।

कांग्रेस नेता अजीत तोंगड़ ने बताया कि पूरे देश से बीस से बाइस लोगों को दिल्ली कांग्रेस कमेटी के संगठन बूथ, सेक्टर, मंडल, ब्लॉक और जिला की नई कमेटी का गठन करने व लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में लगाया गया हैं। उनकी पार्टी के प्रति लगन निष्ठा और ईमानदारी को देखते हुए उन्हें दिल्ली प्रदेश में कोऑर्डिनेटर लगाया गया है। इससे पहले भी वे गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में पार्टी द्वारा दी गई संगठन बनाने विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव में मिली जिम्मेवारी को बखूबी निभाया है।

अजीत तोंगड ने बताया कि जो जिम्मेवारी उन्हें मिली है उसे पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ निर्वाह करेंगे। अपनी इस नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल, दिल्ली प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया और हरियाणा प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है।

श्री शिव रामलीला समिति की लीला का भव्य मंचन 15 से

रेवाड़ी । श्री शिव रामलीला समिति नई अनाजमंडी की बैठक समिति के प्रधान नवल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

समिति के महासचिव दीपक मंगला ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नई अनाजमंडी में शिव मंदिर के सामने प्रभु श्री राम की लीला का मंचन 15 अक्टूबर को श्री गणेश पूजन के साथ आरंभ किया जाएगा। ततपश्चात श्रवण का नाटक भी दिखाया जाएगा।

महासचिव ने बताया कि रामलीला में पहुंचने वाली महिलाओं की भारी भीड़ को देखते हुए उनके बैठने की विशेष व्यवस्था की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से पंडाल में बाउंसर नियुक्त किए जाऐंगे। दर्शकों के मनोरंजन के लिए दूर-दराज से कलाकार भी आमंत्रित किए जाऐंगे। रामलीला प्रतिदिन ठीक रात्रि 8ः50 पर प्रार्थना के साथ शुरू की जाएगी। इस अवसर पर रामलीला के सभी पदाधिकारी एवं कलाकार उपस्थित रहे।

जल्द छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए तो आंदोलन करने को मजबूर होगी इनसो : रवि मसीत

सीएम के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

2018 में इनसो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 5 दिन तक लगातार भूख हड़ताल पर बैठे थे

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। प्रदेश भर के कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाए जाने की मांग को लेकर इनसो के प्रदेश प्रभारी रवि मसीत के नेतृत्व में इनसो पदाधिकारियों ने जिला उपायुक्त राहुल हुडडा को मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी रवि मसीत ने कहा कि इनसो लम्बे समय से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग करता आ रहा है। दिग्विजय चौटाला और इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देसवाल लगातार चुनाव बहाली को लेकर संघर्षरत है। 2018 में इनसो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 5 दिन तक लगातार भूख हड़ताल पर बैठे रहे और इनसो के आंदोलन के आगे सरकार को उस समय झुकना पड़ा था। 2018 में छात्र संघ चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से कराए गए थे। उसके बाद कोरोना के चलते छात्र संघ चुनाव नहीं हो सके थे लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई ह। इसलिए हरियाणा के अंदर छात्रसंघ चुनाव बहाल करवाने चाहिए। राष्ट्रीय महासचिव सतेंद्र झाबुआ, राष्ट्रीय सहसचिव नरेंद्र लांबा व जिला अध्यक्ष ज्योति सांगवान ने कहा कि लोकतंत्र में विद्यार्थियों से मत का अधिकार छीनना लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं हुए तो इनसो अपना प्रदर्शन तेज करने पर मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि सरकार को इसी वर्ष में छात्र संघ चुनाव करवाने चाहिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं हुए तो इनसो सडक़ से संसद तक की लड़ाई लड़ेगी।

इस मौके पर युवा हल्का रेवाडी अध्यक्ष सनी ततारपुर, योगेश पटेल, दिनेश मोहम्मदपुर, आजाद पटेल, रोहित सोनी, राज, चंद्रकांत, अमित समेत अनेक इनसो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

14 दिसंबर तक बढ़ाई फ्रीआधार कार्ड अपडेशन की तारीख

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निशुल्क आधार कार्ड अपडेशन की तिथि बढ़ाकर 14 दिसंबर 2023 कर दी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि वे अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 दिसंबर 2023 तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निशुल्क अपडेट करें। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

डीसी ने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है।

अमृत वाटिका में पंचायतों की मिट्टी का प्रयोग होना जिला के लिए गर्व की बात : पाटिल

एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल को सौंपा अमृत कलश

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। माता सावित्रिबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा मेरी माटी-मेरा देश अभियान के द्वितीय चरण के तहत एकत्रित किए गए मिट्टी और चावल से भरा अमृत कलश मंगलवार को एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल को सौंपा।

एडीसी ने कलश प्राप्त करते हुए कहा कि देश के वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इस अभियान की शुरुआत की गई है। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के तौर पर यह अभियान पूरे देश में पंचायत स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक उत्साह व जोश के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर से एकत्रित की गई मिट्टी से सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर-वीरांगनाओं की याद अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। दिल्ली में बलिदानियों की याद में बनने वाली अमृत वाटिका में रेवाड़ी जिला की सभी पंचायतों की मिट्टी का उपयोग होगा जो जिला के लिए गर्व की बात है।

वहीं आरडीएस गर्ल्स कालेज रेवाड़ी की छात्राओं ने डीडीपीओ एचपी बंसल का अमृत कलश सौंपा। इस मौके पर डीडीपीओ एचपी बंसल सहित महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट की छात्राएं व शिक्षकगण मौजूद रहे।

नवनियुक्त मोर्चो के जिला अध्यक्षों का हुआ स्वागत

नियुक्तियों में बदलाव करने से सभी पदाधिकारियों को नेतृत्व करने का मिलता है मौका : प्रीतम चैहान

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। भाजपा जिला कार्यालय पर जिला के तीनों नवनियुक्त मोर्चो के जिला अध्यक्ष (किसान मोर्चा, महिला मोर्चा व युवा मोर्चा) का जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं से अभिनंदन किया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रीतम चैहान ने बताया कि चुनावी समय नजदीक आ रहा है और भाजपा का हर कार्यकर्ता पूर्ण सम्पर्ण के साथ संगठन के कार्य के साथ लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले भी सभी पदाधिकारी अच्छा कार्य कर रहे थे लेकिन तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर नए कार्यकर्ताओं को मौका दिया गया है। उन्होंने बताया की इससे नये कार्यकर्ताओ को नेतृत्व करने का मौका मिलता है। तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला कार्यालय पहुंचने पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

सम्मान समारोह उपरांत भाजयुमो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निखिल मांढैया की ओर से रोड़ शो व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे भाजपा जिलाध्यक्ष ने शिरकत कर नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया।

इस अवसर पर किसान मोर्चा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामपाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सरोज यादव, प्रदेश सचिव महिला मोर्चा हेमलता तंवर, जिला महामंत्री ईश्वर चनीजा, युद्धवीर फोगाट, दीपा भारद्वाज, नीरू भरद्वाज, विनोद चैहान, बिजेंद्र दहिना, सज्जन पहलवान, सावन सैनी, सीमा गुप्ता, सुनीता गुडि ानी, सीमा राय, मंडल अध्यक्ष मनोज सैनी, देवराज, अनिल कुमार, नरेंद्र यादव सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

मानसिक स्वास्थ्य और तनाव मुक्त जीवन ही सच्ची पूंजी

रेवाड़। जैन पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर बच्चों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने गीत, नृत्य व नाटिका के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को सच्ची पूंजी बताया। उन्होंने तनाव मुक्त जीवन जीकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की अपील की। मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जाहिर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनोविज्ञान विभाग प्रभारी चेतना वर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मनोविज्ञान के विद्यार्थियों ने मानसिक तनाव एवं अवसाद की स्थिति के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। बच्चों ने बताया कि विषय व संकाय का चयन करते समय परिवार व सामाजिक परिवेश का दबाव उन्हें इतना अखरता है कि उनकी रूचि और मन की इच्छा किसी कोने में दबकर रह जाती है, जिसका परिणाम होता है मानसिक तनाव। उन्होंने गीत व नाटिका के माध्यम से बताया कि मूर्ख, आलसी, कामचोर, पागल आदि शब्द बच्चों को अंदर तक कचोटते हैं और लड़कियों की आवाज दबा दी जाती है। वैष्णवी, कनिष्का, वंशिका यादवस चहक, रक्षित, प्राची, वंशिका रावत, फलक,आदित्य, रिया, ईशानवी आदि ने गीत, कविता, भाषण व नृत्य ने सभी को बांधे रखा।

मांग अग्रसेन कल्याण बोर्ड के गठन को लेकर अग्रवाल वैश्य समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

राजस्थान की तर्ज पर हो अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल व प्रदेश युवा उपाध्यक्ष एडवोकेट नितेश अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रसेन कल्याण बोर्ड के गठन को लेकर समाजबंधुओं व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम डीडीपीओ को मांगों का ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल व युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जिला इकाई मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज रही है। उन्होंने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज इस ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मांग करता है कि राजस्थान सरकार की तर्ज पर हरियाणा में भी अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए ताकि वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों का जायजा लेकर वैश्य समाज की बेहतरी के लिए सरकार को सुझाव दिए जा सके। ताकि प्रदेश सरकार इस बोर्ड के माध्यम से प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा इनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए काम कर सके। उन्होने बताया कि इसके अलावा बोर्ड समाज कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं पेश करने, फिलहाल चल रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभागों से समन्वय करने, समाज के परम्परागत व्यवसाय को वर्तमान तौर से आगे बढाने, रोजगार को बढावा देने तथा समाज के शैक्षणिक एवं आर्थिक उन्यन तथा अग्रवाल समाज के व्यापार की उन्ति में आ रही अड़चनों तथा परेशानियों को दूर करने में भी कारगर साबित होगा।

इस अवसर पर बीडी अग्रवाल, एडवोकेट मोहित जैन, नवीन सिंघल, अशोक गोयल, चंद्रमोहन गुप्ता, जितेश अग्रवाल व हितेश सहित अनेक पदाधिकारी व गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पेट्रोल पंप मैनेजर से आठ लाख लूटने पहुंचे बदमाश लंच बॉक्स का बैग लेकर हुए फरार

बदमाश की इको कार ने पंप मैनेजर की कार को सीधी टक्कर मारकर किया क्षतिग्रस्त

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पिस्टल के बल पर कार सवार पेट्रोल पंप मैनेजर व कारिंदे से आठ लाख की नकदी लूटने पहुंचे बदमाश अपने इरादों में कामयाब नहीं हो गए। जल्दबाजी में बदमाश नोटों से भरा बैग समझकर खाने के डिब्बा वाला बैग लूटकर फरार हो गए। बावल थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार अलवर जिले के गांव जाट भगोला निवास योगेश कुमार दिल्ली-जयपुर हाइवे पर जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर के निकट स्थित पेट्रोल पंप पर बतौर मैनेजर कार्यरत है। मंगलवार को योगेश अपने साथी कर्मचारी को साथ लेकर पेट्रोल पंप की आठ लाख रुपये की नकदी लेकर पंजाब नेशनल बैंक रेवाड़ी में जमा कराने के लिए कार में सवार होकर जा रहे थे। योगेश के अनुसार आठ लाख रुपये की नकदी उन्होंने कार की सीट के नीच एक थैले में रखी हुई थी। जब वे दिल्ली-जयपुर हाइवे पर सर्विस रोड़ से चांदूवास पुल के समीप पहुंचे तो सामने से आ रही एक सफेद रंग की ईको ने उनकी कार को सीधी टक्कर मार दी। इससे पहले ही योगेश कुमार कुछ समझ पाते ईको से एक बदमाश उतरकर आया तथा पिस्टल तानते हुए गाड़ी की डिग्गी खोलने की धमकी दी। जिसके बाद घबराएं दोनों कर्मियों ने कार की डिग्गी खोल दी। इसी बीच बदमाश की नजर कार की पिछली सीट पर रखे बैग पर पड़ी। बदमाश जल्दबाजी में उस बैग को नकदी वाला बैग समझकर उठा लिया। उसी समय बाइक पर सवार होकर एक अन्य बदमाश वहां पहुंचा। बदमाश अपनी ईको गाड़ी को वहीं छोडे र बाइक पर फरार हो गए। योगेश के अनुसार नकदी वाले बैग को समझकर जो बदमाश ले गए।

खबर फटाफट

एनएच 152डी पर सड़क हादसे में एक की मौत, एक गंभीर

नारनौल। राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर गांव खरखड़ाबास के समीप घटित सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बारे में चेलावास वासी सतवेंद्र ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि सोमवार सांय करीब 4 बजे उन्हें सूचना मिली कि विनोद कुमार चेलावास व सोनू वासी सुंदरह का एक्सीडेंट हो गया है जो भिवानी से लौट रहे थे। विनोद के परिजनों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी तथा सोनू गंभीर रूप से घायल था जिसे अस्पताल भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि उनकी रिट्ज गाड़ी के सामने एक अन्य गाड़ी तेज रफ्तार से चल रही थी। इसके चालक द्वारा अकस्मात ब्रेक लगाने से उनकी गाड़ी टकरा गई और हादसा घटित हो गया। एक्सीडेंट में लगी चोटों के कारण विनोद की मौत हो गई। मृतक पीएचसी भोजावास में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने सतविंदर की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर शव का पंचनामा करवाकर परिजनों को सौंप दिया जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मालड़ाबास से 11 बोतल अवैध देशी शराब के साथ आरोपी काबू

नारनौल। कनीना सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को मालड़ाबास में अवैध रूप से शराब बेचते हुए काबू किया है। आरोपी के चंगुल से पुलिस ने 11 बोतल अवैध देसी शराब भी बरामद की है। पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में आरोपी को काबू कर तलाशी ली गई तो अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुरेंद्र उर्फ लंगड़ा वासी मालड़ाबास के रूप में हुई है। पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

आज कनीना मंडी में खरीदा जाएगा बाजरा, दो दिन से नए टोकन जारी नहीं किए गए

नारनौल। आज से कनीना नई अनाज मंडी में बाजरा बेचने आने वाले किसानों को मार्केट कमेटी द्वारा गेटपास जारी किए जाएगें और बाजरे की खरीद होगी। इस बारे में खरीद अधिकारी हैफड प्रबंधक विरेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों से नए टोकन नहीं काटे जा रहे थे और जिन किसानों का पहले गेटपास जारी किया गया था उनका बाजरा खरीदा गया। जिसके चलते मंगलवार को 9 हजार क्विंटल बाजरा खरीदा गया। जिसका 2250 रुपये प्रति क्विंटल हैफड द्वारा दिया जाएगा। जबकि 250 रुपये भावांतर भरपाई के मिलेगें। पहले 2200 रुपये प्रति क्विंटल हैफड द्वारा व तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल भावांतर भरपाई के दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक खरीदे गए बाजरे में से दो लाख पांच हजार बैग का उठान करवाकर गोदामों में रखवाया जा चुका है।

क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत की जाएगी, नशा तस्कारों पर सख्त कार्रवाई होगीः एसएचओ

कनीना। कनीना थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत की जाएगी और जो नशा तस्कर हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बात कनीना के नव नियुक्त एसएचओ निरीक्षक हरदेव सिंह ने कनीना थाना में कार्यभार संभालने उपरान्त पत्रकारों को कहि। निरीक्षक हरदेव ड्क्षसह हाल ही में जिला महेंद्रगढ़ में पलवल से स्थानांतरित होकर आए है जिनको कनीना सदर थाना में निरीक्षक देवेंद्र कुमार के स्थान पर नियुक्त किया गया है। निरीक्षक देवेंद्र कुमार का सीटी थाना नारनौल में स्थानांतरण हो गया है। नव नियुक्त एसएचओ ने कहा कि युवाओं को नशा मुक्ति के लिए जागरूक करना उनकी प्राथमिकता है उनको नशा न करने के लिए प्रेरित करेगें और क्षेत्र के सामाजिक लोगों के साथ लेकर नशा के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा। कानून हाथ में लेने वाले लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

जांगिड़ समाज की बैठक 14 को

नारनौल। जांगिड समाज की एक बैठक ध्रर्मशाला में अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा के उपाध्यक्ष शिव चंद्र जांगिड़ की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर शनिवार को 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में समाज के उत्थान को लेकर चर्चा होगी। वहीं जांगिड़ धर्मशाला भवन जो देख-रेख के अभाव में जर्जर हो रहा है। उसके समाधान पर विचार किया जाएगा। बैठक में एक कमेटी गठित की जाएगी जो समाज की कुरीतियों को दूर करने में अपना योगदान देगी।

मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत किसान जल्द पंजीकरणः डीसी

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने बताया कि बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार की ओर से बागवानी बीमा योजना चलाई जा रही है। इसमें इच्छुक किसान एमबीबीवाई डॉट एचओआरटी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीकरण करवाएं। उन्होंने बताया कि बागवानी किसानों को विभिन्न कारणों से भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ता है। फसलों में ओलावृष्टि, पाला, बाढ़, बादल फटना, आंधी तुफान, ज्यादा तापमान व सूखा जैसी आपदाओं से उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है लेकिन अब इस योजना के तहत सब्जियों फल और मसाले की फसलों को सुरक्षा कवच उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस योजना के तहत फलों की खेती पर 40 हजार रूपए प्रति एकड़, सब्जियों व मसालों पर 30 हजार रूपए प्रति एकड़ का बीमा किया जाएगा। इसके लिए किसान को फलों की खेती पर 1000 रुपये प्रति एकड़ एवं सब्जियों व मसालों पर 750 रूपए प्रति एकड़ का प्रीमियम भुगतान करना होगा।

पेट्रोल पम्प से रुपये लेकर भागने के मामले में सेल्समैन गिरफ्तार

कनीना। पेट्रोल पम्प से पैसे लेकर भागने के मामले में थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने आरोपित सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान रसीद अली वासी गांव बरही जिला जालौन यूपी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को उसके गांव क्षेत्र से पकड़ा है। आरोपी कनीना क्षेत्र में पैट्रोल पम्प पर सेल्समैन के रूप में कार्य करता था और पैट्रोल पम्प से पैसे लेकर भाग गया था। पूछताछ में आरोपी ने पैसे चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्षय वासी गांव सरहोल जिला गुरुग्राम ने थाना शहर कनीना में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि मंगलदीप फिलिंग स्टेशन के नाम से उसने पेट्रोल पंप खोल रखा है।

कैंप कार्यालय में जनसमस्यां सुनते हुए बोले मंत्री ओमप्रकाश यादव

प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण हेतु वचनबद्धः ओम प्रकाश

बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए दी जा रही अस्सी हजार रुपय की आर्थिक सहायता

देश में होने वाले राज्य चुनावों में पड़ोसी प्रदेश राजस्थान के साथ-साथ अन्य प्रदेशों में भी भाजपा भारी बहुमत से सत्ता हासिल करेगी

मंत्री ने बिजली, पानी व अन्य मूलभूतग समस्याएं सुनकर, मौके पर संबंधित अधिकारियों से बातकर समाधान किया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय में लोगों की बिजली, पानी व अन्य मूलभूत समस्याएं सुनी व मौके पर संबंधित अधिकारियों से बात कर उनका समाधान किया। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। श्री यादव ने कहा कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डा. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले योजना का लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था। हरियाणा सरकार ने योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का निर्णय लिया था। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार रुपए किया गया था। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने उपरोक्त योजना के नियम शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी आप इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा आवेदनकर्ता का नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को बीपीएल परिवार होने का अपना जाति प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता का अपना घर होना चाहिए। घर कम से कम 10 साल पुराना होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रार्थी की परिवार आईडी, बीपीएल राशन कार्ड नंबर, राशन पत्रिका, एससी, बीसी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, मोबाइल नंबर, घर के साथ फोटो, बिजली बिल-हाउस रजिस्ट्री-पानी बिल में से कोई भी दो, मकान की मरम्मत पर अनुमानित खर्च का प्रमाण जैसे कागजात जरूरी है। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने इस योजना के बारे में बारीकी से जानकारी देते हुए बताया कि जरूरतमंद व्यक्ति आवेदक को सबसे पहले हरियाणा एससीबीसी.जीओवी.इन से फॉर्म डाउनलोड करके उसे भरना है और उसको सरपंच या फिर पार्षद से सत्यापित करवाना होगा। फॉर्म के साथ में ऊपर बताए गए सभी दस्तावेज लगाने अनिवार्य है। उसके बाद ये फॉर्म आपके नजदीकी सीएससी सेटर से ऑनलाइन करवाना है। उन्होंने कहा कि उनके कैंप कार्यालय में भी जरूरतमंद व्यक्ति सरल केंद्र पर निशुल्क आवेदन ऑनलाइन कर सकता है। ऑनलाइन करवाने के बाद आपको ये फार्म जिले के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में जमा करवाना है। कोई भी गलत जानकारी न भरें। डॉक्यूमेंट की कॉपी साथ लगाएं, जिससे आवेदन रिजेक्ट न हो और योजना का लाभ लेने में भी किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में समुचित विकास करवाया है। उन्होंने हाल ही में घोषित राज्यों के चुनाव पर प्रतिकृतियां करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी पड़ोसी प्रदेश राजस्थान के साथ अन्य प्रदेशों में भी भारी बहुमत से सत्ता हासिल करेगी।

दो दिवसीय राज्य स्तरीय द्वंद प्रतियोगिता का समापन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। स्थानीय यादव धर्मशाला में तीसरी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ व समापन प्रमुख समाजसेवी विनोद सैनी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इसलिए सभी को अपने समय में से कुछ समय खेल व व्यायाम को देना चाहिए। इस समारोह की अध्यक्षता श्री राकेश यादव मुख्य संरक्षक टाईगर क्लब परिवार ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरियाणा के हर जिले से इस प्रतियोगिता में लगभग 450 बच्चों ने भाग लिया। आज कुछ बच्चों को मेडल लेने में सफलता मिली कुछ विफल रहे। उन्होंने बच्चों को कहा कि यहां से कोई बच्चा हार कर नहीं जाएगा या तो वो जीत कर जाएगा या कुछ सीख कर जाएगा। इस अवसर पर राम किशन सैनी, मनोज सेकवाल, हेमंत शर्मा, राजकुमार, मोनिका यादव, अशोक चौहान, ममता चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अटेली विस के साथ हो रहे भेदभाव को लेकर बसपा ने किया प्रदर्शन

बहुजन समाज पार्टी द्वारा सरकार के सौतेले व्यवहार के खिलाफ गांव-गांव में जनजागरण सम्मेलन आयोजित कर प्रदर्शन किए गए

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। बिजली, नहरी पानी, रोजगार तथा विकास कार्यों में अटेली विधानसभा क्षेत्र के साथ हो रहे भेदभाव के विरोध में गणियार गांव में सैंकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने किया। इससे पहले ग्रामीणों ने गांव के मेन चैक पर इक्ट्ठे होकर जनजागरण सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में अतरलाल, शेर सिंह यादव, रोकश यादव, दानसिंह प्रजापत, भागसिंह चेयरमैन ने कहा कि सरकार अटेली के साथ नौकरियों, बिजली वितरण, विकास कार्यों, अटेली को उपमंडल तथा दौंगड़ा अहीर को उपतहसील बनाने में सौतेला व्यवहार कर रही है। इसलिए बहुजन समाज पार्टी द्वारा सरकार के सौतेले व्यवहार के खिलाफ गांव-गांव में जनजागरण सम्मेलन आयोजित कर प्रदर्शन किए जा रहे हैं। अक्टूबर महीने में अटेली तहसील के 54 गांवों में जनजागरण सम्मेलन व रैलियां की जाएंगी। इसके बाद नवम्बर महीने में पूरे विधानसभा क्षेत्र में पार्टी द्वारा न्याय यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अतरलाल का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया तथा जनजागरण अभियान में बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाने का भरोसा दिया।

रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को लेकर डीएसपी ने की बैठक

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के निर्देशानुसार लघु सचिवालय नारनौल स्थित कार्यालय में डीएसपी मोहिंद्र सिंह ने रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को लेकर बीईओ के साथ बैठक की। इस दौरान डीईओ ऑफिस से नोडल ऑफिसर रमेश, बीईओ नांगल चौधरी सुनीता, बीइओ महेंद्रगढ़ अलका, बीइओ नारनौल अशोक कुमार, बीइओ कनीना विश्वेसर, बीइओ अटेली देवेंद्र कुमार और यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण मौजूद रहे। महेंद्रगढ़ पुलिस के द्वारा जिले के सभी स्कूलों व कॉलेजों में रोड सडक़ सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में करीब 967 स्कूल, 19 कॉलेज, 11 आईटीआई, 1 यूनिवर्सिटी और 1 पॉलिटेक्निक है, इन सभी में दिनांक 13 अक्टूबर को रोड सेफ्टी को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

साइबर थाना की टीम ने सुरक्षित वेब ब्राउजिंग, एड ब्लाकिंग की जानकारी दी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। साइबर जागरूकता माह के तहत साइबर थाना की टीम प्रतिदिन आमजन, युवाओं को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देकर जागरूक करने का काम कर रही है। टीम ने आज सुरक्षित ब्राउजिंग, वीपीएन, सुरक्षित यूआरएल और विज्ञापन अवरोधक के बारे में जानकारी दी। टीम ने बताया कि विज्ञापन अवरोधक एक साफ्टवेयर एप्लिकेशन है जो विज्ञापनों को वेबसाइटों पर या मोबाइल ऐप्स के भीतर प्रदर्शित होने से रोकता है। यह विज्ञापनों को प्रदर्शित करने वाले कोड को ब्लॉक या छिपाकर करता है, जिससे वेबसाइट या ऐप तेजी से लोड होता है और विकर्षण कम होता है। यह एक फिल्टर की तरह है जो अवांछित विज्ञापनों को हटा देता है। विज्ञापन अवरोधकों को आपके द्वारा देखी जाने वाली वेबसाइटों से विज्ञापनों को हटाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे एक स्वच्छ, अधिक सुव्यवस्थित ब्राउज़िंग अनुभव प्राप्त होता है। टीम ने बताया कि सुरक्षित ब्राउजिंग के लिए विज्ञापन अवरोधकों के प्रमुख लाभों में से एक यह है कि वे आपकी गोपनीयता की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं। कई विज्ञापनों में ट्रैकिंग स्क्रिप्ट या कुकीज़ होती हैं जो वेब पर आपका अनुसरण कर सकती हैं, आपकी ब्राउज़िंग आदतों और व्यक्तिगत जानकारी पर डेटा एकत्र कर सकती हैं। इन विज्ञापनों को ब्लॉक करके आप इस तरह की ट्रैकिंग को रोकने में मदद कर सकते हैं और अपने डेटा को अधिक सुरक्षित रख सकते हैं। विज्ञापन अवरोधक आपको दुर्भावनापूर्ण विज्ञापनों से भी बचा सकते हैं जिनमें वायरस या मैलवेयर हो सकते हैं। दुर्भावनापूर्ण विज्ञापन आपके मोबाइल/कंप्यूटर को संक्रमित कर सकते हैं या आपकी व्यक्तिगत जानकारी चुरा सकते हैं। वेब ब्राउज़ करते समय आपको सुरक्षित रखते हुए, विज्ञापन अवरोधक इस प्रकार के विज्ञापनों को आपकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होने से रोकने में मदद कर सकते हैं। साइबर थाना की टीम ने बताया कि ट्रैकिंग कुकीज को ब्लॉक करके विज्ञापन अवरोधक आपकी गोपनीयता की रक्षा करने में भी मदद कर सकते हैं।

चेतक के अटेली ठहराव पर रेलवे अधिकारियों का किया स्वागत

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

मंडी अटेली। अटेली मण्डी अण्डरपास निर्माण संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल डा. राजेन्द्र प्रसाद खरब के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ता व ट्रेड यूनियन नेता मास्टर सुबे सिंह व किसान नेता महिपाल सिंह खरब, श्रीराम सरपंच प्रतिनिधि चन्दपुरा, महावीर यादव चन्दपुरा, राजेन्द्र पंच, हरिद्वारी लाल जांगड़ा, मामचंद शर्मा, हनुमान शर्मा, राजेन्द्र पीटीआई, सतीश यादव सहित ने चेतक एक्सप्रेस के अटेली ठहराव पर डीएसएम आरकेशर्मा मुख्य मण्डल वाणिज्य कर अधिकारी मुकेश सैनी व स्टेशन मास्टर जीएस यादव का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इसके साथ भाजपा नेताओं ने भी रेलवे अधिकारियों का स्वागत किया। विधायक सीताराम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम, वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा, सुगन चंद सेनी, अशोक, कृष्ण कुमार के अलावा भवानी खोड़ आदि स्वागत कार्यक्रम में शामिल रहे। धरना समिति के सदस्यों ने फाटक नम्बर 30 अटेली मण्डी अण्डरपास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने की मांग को लेकर डीएसएम आरकेशर्मा व मुख्य मण्डल वाणिज्य कर अधिकारी मुकेश सैनी व स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के अधिकारियों को फाटक नंबर 30 अटेली मण्डी अण्डरपास निर्माण कार्य में हो रही देरी बारे में विवस्तृत जानकारी दी। रेलवे अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाकर फाटक नंबर 30 अण्डरपास निर्माण कार्य में देरी से ग्रामीणों को हो रही परेशानी को दूर करने का इसी माह में काम करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि संघर्ष समिति के तत्वावधान में फाटक नंबर 30 अटेली मण्डी अण्डरपास निर्माण कार्य की मांग को लेकर 1 फरवरी 2023 से लगातार धरना प्रदर्शन कर आसपास के ग्रामीणों जन प्रतिनिधियों के सहयोग से फ्रेट कोरिडोर की दो रेल ट्रेक के नीचे 24 जून 2023 को ब्लाक डाल दिए गए थे। परन्तु उत्तर पश्चिम रेलवे ने ट्रेक के नीचे ब्लाक अभी तक नहीं लगाए। जिससे निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। लोगों को भारी परेशानी हो रही है। संघर्ष समिति का मानना है कि यह निमार्ण कार्य जनहित में करवाया जाना बेहद जरूरी है।

अमृत सरोवर योजना हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष ने किया अमृत सरोवरों का दौरा

सरकार का जन भागीदारी के साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावाः वर्मा

सरोवरों के रखरखाव के लिए प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को मनाया जाएगा पॉन्ड फेस्टिवल

सरोवर सेवा समूह उठाएंगे रखरखाव की जिम्मेदारी

अमृत सरोवर योजना के तहत जिला में 80 सरोवर तैयार

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश अनुसार अमृत सरोवर योजना के तहत बने सरोवर के रखरखाव की जिम्मेदारी सरोवर सेवा समूह करेंगे। इसके लिए प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को पॉन्ड फेस्टिवल मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशा है कि ग्रामीण अपने तालाबों के प्रति समर्पित भाव से कार्य करें ताकि उसका सही उपयोग हो सके। ऐसे में युवा वर्ग पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने गांवों में इन सरोवरों का रखरखाव करें। यह बात हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा ने ग्रामीणों में तालाबों के प्रति जागरूकता लाने के लिए जिला महेंद्रगढ़ के विभिन्न गांवों में युवाओं के साथ आयोजित बैठक में कही। वर्मा ने आज गांव पाली, बसई, कोटिया, जासावास व मालड़ा बास में बने सरोवर सेवा समूहों के साथ बैठक की। इस दौरान सरोवर सेवा समूह द्वारा तालाबों पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी भूमिका बताई गई। इसके अलावा ग्रामीणों को तालाबों की साफ सफाई और रख-रखाव के विषय में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश पर शुरू की गई इस योजना के तहत प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को सभी सरोवर सेवा समूह अपने-अपने सरपंचों की मौजूदगी में तालाबों पर सरोवर सेवा दिवस मनाएंगे। इस पॉन्ड फेस्टिवल के दौरान पौधारोपण, स्वच्छता तथा जागरूकता अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जल संसाधनों का लगातार दोहन होने के कारण ग्राउंड वाटर लेवल की समस्या उभर कर सामने आई है। इसी उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने यह अभियान चलाया है ताकि जन भागीदारी के साथ जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। इस मौके पर सभी सेवा समूहों ने कार्यकारी उपाध्यक्ष के आग्रह पर सरोवर सेवा दिवस मनाने का वचन दिया। सभी ने तालाबों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्य को ठीक से करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में अमृत सरोवर योजना के तहत 101 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से अब तक 80 पर कार्य पूरा हो चुका है। बैठक में सीएमजीजीए दिवाकर कुमार, हरियाणा तालाब प्राधिकरण के अधिकारियों सहित पंचायती राज के अधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद उन्होंने बसई गांव में बने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। साथ ही तालाब के रख रखाव के लिए दिशा निर्देश दिए। मालड़ा बास गांव में बने हंडू वाला तालाब का निरीक्षण किया गया। सेवा दिवस के तहत तालाब पर वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने तालाब को एक्शन प्लान में लेकर जल्द से जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए।

हकेवि में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम आयोजित

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा की भूमि वीरों की भूमि है। हमें अपने आप को गौरान्वित महसूस करना चाहिए कि जवानों और किसानों की भूमि हमारी कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान से वीर जवानों के गांवों की मिट्टी को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कुलपति ने इस अभियान में सम्मिलित होने पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की भी सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो.सुषमा यादव भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमारे देश के लिए गौरव का पल है। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नीलम ने बताया कि इस कार्यक्रम में एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों ने अपने क्षेत्र से मिट्टी व चावल को लाकर कलश में डाला और अमृत कलश विश्वविद्यालय कुलपति को सौंपा। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने कुलपति के साथ पंच प्राण शपथ ली।

खबर फटाफट

दहेज के मामले में पीओ चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

बल्लभगढ़। डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने दहेज के मामले में पीओ चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम युसुफ है आरोपी नहूं जिले के शिकारपुर गांव का रहने वाला है । आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से तावडू के वाई पास रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी की वर्ष 2010 में शादी हुई थी। जिसकी कुछ दिन बाद पत्नी के साथ अनबन होने लगी जिसके कारण आरोपी के खिलाफ वर्ष 2017 में आरोपी की पत्नी की शिकायत पर दहेज की धाराओं में थाना सेक्टर-58 में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था। आरोपी माननीय अदालत से जमानत पर था। माननीय अदालत में लगातार उपस्थित नही होने पर आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में पीओं का मामला 01 जून को दर्ज किया गया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वाटर टेंक से पानी स्पलाई का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

अलायन्स क्लब होडल की बैठक में सामाजिक कार्यों को करने के लिए निर्णय

होडल। अलायन्स क्लब होडल की बैठक चेयरमेन सुनील मित्तल की अध्यक्षता में खिलौनी बंसल के उमराला रोड़ स्थित कार्यालय पर समपन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने सामाजिक कार्यों को करने का निर्णय लिया। बैठक में अलायन्स क्ल्ब होडल सदस्यों के परिजनों के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धरण करके उनको श्रृदांजलि अर्पित की गई। अलायन्स क्लब प्रधान अनिल कंसल ने सभी का बैठक में पधारने पर धन्यवाद करते हुए क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में सभी को जानकारी प्रदान की गई। बैठक में अलायन्स क्ल्ब सदस्य मुकेश सिगला, रघुनन्दन गर्ग, पवन गोयल, खिलौनी बंसल, सुनील गोयल, मनेश गोयल, सतीश गर्ग, श्याम सुन्दर मंगला, महैन्द्र गर्ग, राजेश गर्ग, राजकुमार तायल, योगेश नागल, महेश सिंगला मौजूद थे। क्लब सचिव बलराम बंसल, कोषाध्यक्ष अनिल ड्क्षसगला द्वारा ने क्लब के सदस्यों के समक्ष पूर्व नगरपालिका उपप्रधान सीताराम मित्तल की यादगार में आखों के निशुल्क आप्रेशन शिविर लगाने, कोकिलावन में स्थित अपना घर आश्रम में क्लब सदस्य श्याम सुन्दर मंगला की ओर से एक दिन के भोजन वितरित करने, सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की आखों की जांच करके उनको निन्शुल्क चश्मों का वितरन करने, कोसीकलां स्थित अनाथाश्रम में भोजन वितरित करने, रक्तदान शिविर लगाने आदी सामाजिक कार्यों को करने का प्रस्ताव रखने पर उनको सर्वसम्मती से पास किया गया।

दहेज के मामले में पीओ चल रहे आरोपी पकड़ा

बल्लभगढ़। क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने दहेज के मामले में पीओ चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम युसुफ है आरोपी नहूं जिले के शिकारपुर गांव का रहने वाला है । आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से तावडू के वाई पास रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी की वर्ष 2010 में शादी हुई थी। जिसकी कुछ दिन बाद पत्नी के साथ अनबन होने लगी जिसके कारण आरोपी के खिलाफ वर्ष 2017 में आरोपी की पत्नी की शिकायत पर दहेज की धाराओं में थाना सेक्टर-58 में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था। आरोपी माननीय अदालत से जमानत पर था। माननीय अदालत में लगातार उपस्थित नही होने पर आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में पीओं का मामला 01 जून को दर्ज किया गया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वाटर टेंक से पानी स्पलाई का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

गांजा सहित आरोपी महिला काबू

बल्लभगढ़। डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने गांजा तस्करी करने वाली महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम हीना है आरोपी महिला फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी की रहने वाली है। आरोपी महिला को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रो से प्राप्त सूचना से संजय कॉलोनी से काबू किया है। आरोपी महिला से मौके पर 310 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिला दिल्ली की लोहा मंडी में किसी व्यक्ति से 3000/-रु में बेचने के लिए खरीद कर लाई थी। आरोपी महिला पर पहले भी एक मामला नशा तस्करी का दर्ज है। आरोपी महिला को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

नैतिकता पाठ्यक्रम का अभिप्रेरण कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ की पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा मंगलवार को 'अनुसंधान और प्रकाशन नैतिकता' का अभिप्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया। अभिप्रेरणा कार्यक्रम का उद्देश्य पाठ्यक्रम के महत्व से शोधार्थियों को अवगत कराना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से आयोजन को शोधार्थियों के लिए उपयोगी बताया और कहा कि अवश्य ही इसमें विशेषज्ञों से प्राप्त ज्ञान से प्रतिभागी लाभांवित होंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 150 से अधिक पीएचडी शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष और पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. संतोष सी एच ने बताया कि रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स का यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अनुमोदित दो क्रेडिट का अनिवार्य पाठ्यक्रम है। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम अनुसंधान नैतिकता, मेट्रिक्स, वैज्ञानिक आचरण, प्रकाशन, साहित्यिक चोरी से बचाव, अनुसंधान उपकरण आदि से संबंधित सभी बुनियादी अवधारणाओं को शामिल करता है। पाठ्यक्रम का उद्देश्य नैतिक अनुसंधान और प्रकाशन प्रथाओं को विकसित करना है।

पृथला का विकास ही मेरा दायित्व : नयनपाल

विधायक ने 2.50 करोड़ की लागत से बनने वाली सडक़ का किया शिलान्यास

वर्ष 2023 विकास को समर्पित है इसलिए इस साल इतना विकास करवाया जाएगा जितना विकास पहले कभी नहीं हुआ

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पूरे पृथला क्षेत्र में विकास की लहर चल रही है, सडक़ों का नवीनीकरण किया जा रहा है वहीं गांवों में भी हरसंभव विकास कार्य करवाए जा रहे है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 विकास को समर्पित है इसलिए इस साल इतना विकास करवाया जाएगा जितना विकास पहले कभी नहीं हुआ। रावत 2.5 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जाने वाली अलावलपुर से सदरपुर तक की सडक़ निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक नयनपाल रावत स्वयं ट्रेक्टर चलाते हुए काफिले के साथ शिलान्यास स्थल पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि चुनाव जीतने के कुछ महीने बाद ही कोरोना महामारी ने न केवल क्षेत्र के विकास पर रोक लगा दी बल्कि लोगों की दूरियां भी बढ़ा दी, करीब ढाई साल इस बीमारी के चलते पूरा देश जूझना रहा, अब जब यह बीमारी खत्म हो गई है तो अब क्षेत्र का विकास करवाना उनका दायित्व है और वर्ष 2023 में उनका प्रयास रहेगा कि वह अपने हर वायदे को पूरा करके क्षेत्र के सभी गांवों में समान विकास करवाएं। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत के समक्ष गांवों की समस्याओं को लेकर मांगपत्र रखा, जिसमें अंकित मांगों को श्री रावत ने जल्द दूर करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रथम सरपंच, रामनिवास तंवर, चंदरपाल चेयरमैन, शिवचन्नी, सुखी पहलवान, अमीचंद, राजेंदर, बेगराज पूर्व सरपंच, ओमप्रकाश, अजय डागर सरपँच, परवीन बघेल, बलदेव तेवतिया, अशोक तंवर, निखिल बीसला आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

निराश्रित बच्चों को मिल रही है प्रति माह 1850 की वित्तीय सहायता : डीसी

आवेदक का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जरूरी है

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है।

वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। डीसी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।

यहां पर करें आवेदन

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि इस स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक प्रार्थी अपने नजदीकी अंत्योदय सरल केंद्र, अटल सेवा केंद्र सहित सीएससी केंद्र पर आवेदन कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तवेज जैसे कि फ़ोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यपित फोटोप्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है।

पूर्व विधायक ने जानीं लोगों की समस्याएं

तिगांव क्षेत्र में नहीं दिख रहा भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार का विकास : ललित नागर

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। तिगांव क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को जानने के लिए कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं नूंह ज़िले के प्रभारी ललित नागर द्वारा शुरू की पदयात्रा को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग सडक़ों पर उतरकर अपनी समस्याओं का दुखड़ा सुना रहे है और सरकार व प्रशासन को कोसने लगे है। इसी कड़ी में पूर्व विधायक ललित नागर ने पदयात्रा के तहत टीटू कालोनी, धीरज नगर, अजय नगर, गिरदावर एंक्लेव आदि क्षेत्रों में पहुंचे, जहां उन्होंने बारीकि से लोगों की समस्याओं को जाना। इस दौरान लोगों ने पूर्व विधायक श्री नागर को बताया कि उनके यहां की अधिकतर सडक़ें टूटी पड़ी है और गंदे पानी से लबालब है, जिसके चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतें आती है वहीं यहां पीने के पानी की भी भारी क़िल्लत है, निजी टैंकरों से लोग पानी खरीदने को मजबूर है और सीवरेज की बात करें तो यहां सीवरेज प्रणाली बुरी तरह से प्रभावित है, ओवरफ्लो पानी लोगों के घरों व सडक़ों पर बहता रहता है, जिसके चलते यहां डेंगू, मलेरिया के मच्छर पनपने लगे है लेकिन प्रशासन ने यहां फॉगिंग तक नहीं करवाई। बिजली की तारें अस्त-व्यस्त पड़ी है, जिनसे हादसा होने का डर बना रहता है वहीं ट्रांसफार्मर पर अत्याधिक लोड होने की वजह से लाईन लॉस होता रहता है, जिससे गर्मी में लोग परेशान होते है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है, जिनसे बदबू आती रहती है और लोग बीमार हो रहे है। कालोनी में रजिस्ट्री पावर अटार्नी भी प्रशासन द्वारा बंद कर दी गई है, जिससे लोगों को मकान-दुकान खरीद-फरोख्त में परेशानी होती है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार तिगांव क्षेत्र का विकास करवाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है, आज जनता बुनियादी सुविधाओं को लेकर सडक़ों पर उतरने को मजबूर हो रही है, लेकिन सरकार व प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। उन्होंने सरकार व प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अगर जल्द ही लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ सरकार की ईट से ईट बजाने का काम करेंगे। इस अवसर पर अनिल बैंसला, बालकिशन वशिष्ठ, रविन्द्र वशिष्ठ, कमल चंदीला, संजय कौशिक, रिजवान आजमी, अखिलेश शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

भाजपा की नीतियों से जनता खुश : भड़ाना

पूर्व विधायक ने एनआईटी क्षेत्र में पूरे किए जनसंपर्क अभियान के 50 दिन

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों के प्रति जनता में उत्साह नजर आ रहा है, लोग मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली से संतुष्ट है और फिर से तीसरी बार देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प ले चुके है। श्री भड़ाना एनआईटी क्षेत्र में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत जगह-जगह आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पूर्व विधायक का लोगों ने जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया। नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत वह क्षेत्र की गली-गली व गांव-गांव पहुंचे है, जहां न केवल उन्होंने लोगों की समस्याएं जानीं बल्कि यह भी जाना कि पिछले नौ सालों में जितना विकास एनआईटी क्षेत्र का हुआ है, उतना विकास आज तक किसी भी सरकार में नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में मोदी-मनोहर की जोड़ी विकास की नई इबादत लिख रही है और एनआईटी क्षेत्र भी इससे अछूता है, इस क्षेत्र में भी अब तक करोड़ों रूपए के कार्य सम्पन्न हो चुके है और बिजली, पानी, सडक़ें व सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के प्रयासों व आशीर्वाद से इस क्षेत्र में विकास की कभी कोई कमी नहीं रही, जब-जब उन्होंने मुख्यमंत्री व केंद्रीय राज्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की समस्याएं रखीं, तब-तब दिल खोलकर क्षेत्र के विकास के लिए ग्रांटें दी गई। श्री भड़ाना ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के पचास दिन पूरे होने के बाद लोगों का जो प्यार व आर्शीवाद उन्हें मिला है, उससे स्पष्ट है कि आने वाले चुनावों में न केवल देश बल्कि हरियाणा में भी भारतीय जनता पार्टी बहुमत से सरकार बनाएगी।

के.सी.एम. पब्लिक स्कूल बंचारी में स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ

सात्विक देव,भरोसा मित्र

होडल । केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ प्रात- काल की प्रार्थना सभा से किया गया। इस सप्ताह के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया। इस सप्ताह की शुरुआत कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों द्वारा की गई। उन्होंने अनेक कार्यक्रमों द्वारा स्वच्छता संबंधी अनेक संदेश दिए। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा दूसरी की अध्यापिका रुचि द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा दूसरी के विद्यार्थी अंश द्वारा स्वच्छता की शपथ से की गई। जिसमें सभी छात्र व शिक्षकगण ने भी भाग लिया। इस स्वच्छता सप्ताह अभियान के अंतर्गत कक्षा के.जी. के विद्यार्थी रौनक, कीर्ति तथा कक्षा दूसरी की विद्यार्थी कृष्टी ने स्वच्छता संबंधी कविता की प्रस्तुति दी तथा कक्षा दूसरी की विद्यार्थी मानवी ने स्वच्छता पर एक सुंदर- सा सुविचार प्रस्तुत किया। कक्षा दूसरी के विद्यार्थी अंश, लावण्या, अवनी और हर्षित ने स्वच्छता संबंधी नारे देकर स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कक्षा पहली व कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सहयोग से अपनी-अपनी कक्षाओं के सफाई अभियान में भी हिस्सा लिया। इस स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत पूरे सप्ताह में अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम में प्रतिभागी होंगे। स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज, देव दत्त भारद्वाज व प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता संबंधी नियम बताकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और अपने आसपास सफाई रखने का संदेश दिया जिससे कि सभी एक स्वस्थ वातावरण में रह सके। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन किरण दीवान की देखरेख में किया गया।

इम्तिहान में आशा वर्कर होंगी पास : जयभगवान

आशाओं की हड़ताल 64 वें दिन भी रही जारी

भरोसा मित्र

हथीन , जिले की आशाओं की हड़ताल के 64 वें दिन सीटू प्रदेश महासचिव जयभगवान ने आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आशा वर्करों का इम्तिहान ले रही है और आशा वर्कर इस इम्तिहान में पास अवश्य होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 20 हजार आशा वर्कर्स 64 दिन से हड़ताल पर हैं। स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं ठप्प हो चुकी हैं। लेकिन भाजपा सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। सरकार के साथ तीन दौर की बात हो चुकी है। मुख्यमंत्री को मांगो का समाधान करना है। लेकिन वार्ता नहीं की जा रही। यह व्यवहार बेहद गैर जिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा की इस व्यवहार के प्रति आशा वर्कर्स में लगातार गुस्सा बढ़ रहा है। इसलिए 18 अक्तूबर से राज्य भाजपा मंत्रियों के दरवाजे पर पड़ाव शुरू होगा। उन्होंने कहा की भाजपा बात करती है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का। हरियाणा की 20 हजार बेटियां सडे ों पर बैठी हैं और सरकार चुप है। उन्होंने कहा की सरकार को यह देरी महंगी पड़ेगी। हड़ताली वर्कर्स को सीटू जिला प्रधान रमेश चंद और जिला सचिव उर्मिला रावत ने तथा आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान रामरती, सचिव बबली सैनी,पूर्व प्रधान गीता,उपप्रधान बाला बघेल ने कहा कि 29 सितंबर को मुख्यमंत्री के चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश खुल्लर से मांगों पर विस्तृत बातचीत हुई है और उन्होंने आश्वासन दिया था कि अगले सप्ताह मुख्यमंत्री से बातचीत करवाई जाएगी। जिसमें आशा वर्करों की मांगों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

लायंस क्लब और रेडक्रॉस ने बादशाह खान अस्पताल को 11 स्ट्रेचर भेंट किए

फरीदाबाद। जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल और रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सहयोग से 11 स्ट्रेचर अस्पताल को मदद के रूप में भेंट किए गए। इस मौके पर जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी, डॉ सविता यादव विशेष रूप से मौजूद रही। लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की और से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रदीप सिंगल ने और चीफ कोर्डिनेटर आर के चिलाना ने उनका बुके द्वारा स्वागत किया। इस मौके पर फर्स्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एन के गुप्ता ने आए हुए सभी लायंस मेंबर्स शिव कुमार अग्रवाल, चेयरमैन लायन आर के गुप्ता, चीफ कोर्डिनेटर लायन आर के चिलाना, लायन एस एम नागपाल, लायन जय प्रकाश गुप्ता, लायन मुकेश अरोरा, लायन सतीश परनामी सहित सभी लायन मेंबर्स का पहुंचने पर स्वागत किया और लायन क्लब द्वारा हो रहे विभिन्न समाजसेवा से जुड़े प्रोजेक्ट की जानकारी दी।

सिरसा में गरजे सैंकड़ों बिजली कर्मचारी

हथीन से सैंकड़ों बिजली कर्मचारियों ने सिरसा में आयोजित विरोध प्रदर्शन में लिया भाग

भरोसा मित्र

हथीन , सिरसा में स्थित लघु सचिवालय में आल हरियाणा पावर कॉरपोरेशनज वर्कर यूनियन के बैनर तले पलवल सर्किल के सैकड़ो कर्मचारियों ने राज्य सचिव सामून खान की अध्यक्षता में लगातार दसवें दिन बिजली मंत्री के सिरसा स्थित कैंप कार्यालय पर पड़ाव डाला जिसका मंच संचालन नूंह यूनिट प्रधान योगराज दीक्षित ने किया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बिजली यूनियन के राज्य सचिव सामून खान, राज्य उप प्रधान अविनाश कंबोज व नरेन्द्र सौरोत ने बताया कि बिजली कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला व ए सी एस पावर ए के सिंह के अडि ल रवैए के विरोध में आज पलवल सर्कल के सैकड़ो कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि गत 28 सितम्बर को यूनियन के राज्य स्तरीय नेताओं की मीटिंग हरियाणा हाउस चण्डीगढ़ में हुई थी जो कि लगभग दो घंटे तक चली बैठक में यूनियन ने अपनी मंत्री स्तर की सभी 16 मांगों पर विस्तार से बात रखी। जिसमें बिजली विभाग को बचाने, कर्मचारियों व जनता से जुडी अति गंभीर मांगें मंत्री व मैनेजमेंट के सामने रखी। यूनियन ने कच्चे कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम से बाहर रखने, ई एस आई सेवा से बाहर होने पर उसके परिवार को स्वास्थ्य सुविधा देने, वेतन भत्ते पक्के कर्मचारियों के समान देने, एक्सग्रेसिया लाभ देने, बिजली दुर्घटनाओं को शुन्य पर लाने,वर्क लोड के अनुसार कम से कम 70हजार नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने, ट्रांसफार्मर रिपेयर सहित सभी कार्य स्वयं विभाग द्वारा करने, एन पी एस में रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा देने, निम्न पदों पर कार्यरत उच्च योग्यता वाले कर्मचारियों की एकमुश्त प्रमोशन करने, एक शिफ्ट में कम से कम दो कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने, ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करने आदि मांगों को जोरदार तरीके से मंत्री जी के सामने रखा। इनके अतिरिक्त किसानों के लंबित पड़े सभी ट्यूबवेल कनैक्शन तुरंत जारी करने, बिजली का उत्पादन विषेश कर हाइडल लगाकर पानी से सस्ती बिजली पैदा करते हुए जनता को 24 घंटे व सस्ती दरों पर बिजली देने आदि मांगों पर अपना पक्ष मजबूती से रखा। परन्तु मैनेजमेंट विशेष कर ए सी यूएस श्री ए के सिंह का रवैया व रुख कर्मचारियों व जनता से जुडी मांगों के प्रति अति नकारात्मक व निंदनीय था। आज के पड़ाव में होडल यूनिट प्रधान नरेंद्र सौरोत, सचिव वेद तेवतिया, नूंह यूनिट प्रधान योगराज दीक्षित, सचिव सरजीत सौरोत, प्रधान राशिद जाकिर, नरेश महलावत, योगेश शर्मा, गोपाल रावत, भीम सिंह प्रधान, पवन शर्मा, देवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र, वीरपाल व देवी चरण, रमेश, टेकचंद आदि कर्मचारी नेता शामिल रहे।

किसान फलदार पौधों में लक्षणों की पहचान करके समय पर करें बीमारियों का उपचार

बीमारियों से नियन्त्रण पाने के लिए कैराथेन का पहला छिडक़ाव फूल निकलने से पहले करें

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। बदलते मौसम के अनुसार पौधो में कई तरह की बीमारियां लगने लगती हैं। ऐसे में बाग वाले किसान फलदार पौधों में लक्षणों की पहचान करके समय पर बीमारियों का उपचार करें।यह जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि संतरा व माल्टा में कोढ़ से पत्तो, टहनियों और फलों पर गहरे रंग के खुरदरे धब्बे पड़ जाते हैं। किसान ऐसे वाले भाग को कुरेद कर साफ करें। बोर्डो पेस्ट लगाएं। इसी प्रकार एक सप्ताह बाद दोबारा पेस्ट लगाएं। बेर का सफेद चूर्णी रोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस रोग से फल पर सफेद सा पाउडर जम जाता है। फलों का आकार छोटा रह जाता है व फलों की सतह खुरदरी हो जाती है। इससे पैदावार में भारी कमी हो जाती है। इस तरह की बीमारियों से नियन्त्रण पाने के लिए कैराथेन का पहला छिडक़ाव फूल निकलने से ठीक पहले और दूसरा जब फल मटर के दाने के बराबर हो जाएं तब करें। इसके बाद पुन 15 दिन के अन्तराल पर 2 छिडक़ाव और करें। उन्होंने बताया कि सफल नियन्त्रण के लिए सभी फलों का फफूंदनाशक घोल से तर हो जाना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि कैराथेन उपलब्ध न हो तो 0.2 प्रतिशत सल्फेक्स का छिडक़ाव किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि अनार के पौधों में स्वाभाविक काट-छांट की आवश्यकता नहीं होती केवल शक्ल और आकार देने के लिए ही काट-छाटं की जाती है लेकिन आगे के भाग को ज्यादा काटने से फसल पर बुरा प्रभाव पड़ता है ।

खबर फटाफट

सिख समाज को भड़का कर हरपाल सिंह पाली उनकी हत्या करवाना चाहता है : वीरेश शांडिल्य

अम्बाला। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव विश्व हिन्दू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने अम्बाला के एसपी जशनदीप सिंह रंधावा को शिकायत सौंपी और हरपाल सिंह पाली व मनप्रीत उर्फ मन्नी बिंद्रा सहित अन्य पर सिख समाज को पुनः भे का कर उनकी हत्या की साजिश रची है। शांडिल्य ने एसपी को बताया कि हरपाल सिंह पाली ने जून 2018 में भी जरनैल सिंह भिंडरावाला समर्थको व कट्टरपंथियों को भड़का कर उनके दे ्तर पर हमला किया व आग लगाई जिस पर वीरेश शांडिल्य की शिकायत पर थाना अम्बाला शहर में एफआईआर 184 /18 जो आईपीसी की धारा 147, 149, 427, 435, 506 के तहत हरपाल सिंह पाली, रणबीर सिंह फौजी, सुखदेव सिंह गोबिंदगे , टीपी सिंह, चरणजीत सिंह, मनप्रीत उर्फ मंन्नी बिंद्रा,भूपिंदर सिंह, रंजीत सिंह, मंजीत सिंह, जतिंदर पाल सिंह, अमनदीप सिंह, इंदरजीत सिंह, जसविंदर सिंह, रविन्द्र सिंह के खिलाफ दर्ज हुई थी और तमाम आरोपियों को सीजीएम कोर्ट अम्बाला ने 50 हजार की जमानत पर रिहा किया हुआ है और एक आरोपी सतवंत सिंह को सीजेएम कंवल कुमार की अदालत ने पीओ बनाने के आदेश जारी किए अब सभी आरोपियों की सुनवाई 31 अक्तूबर को होगी। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य जो पूरे देश मे आतंकवादियों सहित देशद्रोहियों के खिलाफ मुहिम छेडे हुए उन्होंने बताया की जिस तरह 2018 में हरपाल सिंह पाली ने भिंडरावाला समर्थकों को उकसाया ,भड़काया व मेरे दफ्तर को आग लगाई थी और अब फिर हरपाल सिंह पाली ने सिख समाज को भे का कर उकसा कर उनकी हत्या की साजिश रचते हुए सोसल मीडिया में कहा कि वीरेश शांडिल्य को हर सिख व हर पगे ी खालिस्तानी लगती है। जो वीरेश शांडिल्य ने एसपी को सौपी शिकायत में कहा कि हरपाल सिंह पाली का बयान सिखो की धार्मिक भावनाएं भड़का पुनः उनके ऊपर हत्या की मंशा से हमले की साजिश की तैयारी है और 2018 कि तरह उनके दफ्तर व घर मे जरनैल सिंह भिंडरावाला समर्थकों को लेकर हमला बोल उनकी व उनके परिवार की हत्या कर सकते हैं और उनके राजनीतिक विरोधी भी उनके साथ इस साजिश में शामिल हैं। बब्बर खालसा के आतंकवादी जगतार सिंह हवारा की हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई के 2008 आदेश पारित करवाने वाले व 13 साल पहले जरनैल सिंह भिंडरावाला के भे काऊ साहित्य को पंजाब व देश मे बिकने से रोकने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करने वाले वीरेश शांडिल्य ने कहा कि वो पहली पातशाही गुरुनानक देव से लेकर नौवें गुरु तेग बहादुर व दसवें गुरु गोबिंद सिंह की पूजा करते हैं करते रहेंगे और हिन्दू सिख भाई चारे की मजबूती के साथ-साथ खालिस्तानियों व भिंडरावाला की मुहिम के खिलाफ जंग जारी रखेंगे।

अवैध नशामुक्ति केंद्र का भंडाफोड़

अंबाला। गांव मटेड़ी शेखां में करीब 10 महीने से चल रहे अवैध नशामुक्ति केंद्र का भंड़ाफोड़ हुआ है। स्वास्थ्य विभाग,जिला प्रशासन और पुलिस की करीब 9 घंटे तक चली संयुक्त कार्रवाई के दौरान मौके से जिला प्रशासन की टीम ने 32 लड़कों को यहां से निकाला। इन्हें यहां अमानवीय हालात में रखा हुआ था। इसमें 29 लड़के पंजाब से थे जबकि एक-एक पंचकूला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र के पिहोवा का है। शातिरों ने श्री बालाजी फाउंडेशन के बैनर तले यह नशा मुक्ति केंद्र चलाया था। ताकि इस नाम के चलते कोई इसे पकड़ न सके। नग्गल थाना पुलिस ने फाउंडेशन के सदस्यों पर केस दर्ज कर लिया है। यहां रखे गए लड़कों ने बताया कि उन्हें नशे की लत लग गई है। उनके माता-पिता ने उन्हें ठीक होने के लिए यहां छोड़ा था। लेकिन यहां न तो कभी कोई डॉक्टर उन्हें देखने आता था न ही उन्हें कोई दवा दी जाती थी।

हरियाणा लाया जाएगा गैंगस्टर लॉरेंस

गुरुग्राम। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस को जल्द ही हरियाणा लाया जाएगा। गुरुग्राम पुलिस ने कोर्ट में 13 अक्टूबर को प्रोडक्शन वारंट के लिए याचिका दायर की है। गैंगस्टर लॉरेंस के शूटर्स ने गुरुग्राम के खो गांव में ठाकरान ब्रदर्स को दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया था। गुरुग्राम क्राइम ब्रांच के अलावा एसटीएफ भी रिमांड के दौरान लॉरेंस से पूछताछ कर सकती है। 50 से ज्यादा मामलों में नामजद गैंस्टर लॉरेंस फिलहाल पंजाब की जेल में बंद है। उसकी गैंग पर हरियाणा के भी कई जिलों में अनगिनत मामले दर्ज है। लॉरेंस की गैंग में कई नामी गैंगस्टर हरियाणा के ही जु ेे हुए है। इनमें काला जठेड़ी, काला राणा, संपत नेहरा, कपिल पंडित, सचिन भिवानी के अलावा गुरुग्राम के भी गैंगस्टर शामिल है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसान मेले में लगाई गई प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हरियाणा के किसानों ने दुनिया में नाम कमाया : मनोहर लाल

मुख्यमंत्री ने लकी ड्रा निकाल किसानों को ईनाम वितरित किए

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हरियाणा किसान प्रधान प्रदेश है। यहाँ के किसानों ने कृषि के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में अपना परचम देश और दुनिया में लहराया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित कृषि मेले के समापन समारोह में किसानों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरणों, खाद-बीज की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर साल किसानों को नवाचार और तकनीक बारे ज्ञानवर्धन के लिए कृषि मेला आयोजित किया जाता है। किसानों का उत्साह इस मेले के प्रति बे ा है।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा को किसान प्रधान प्रदेश बताते हुए कहा कि किसानों ने कृषि के क्षेत्र में बहुत तरे ्ी कर ली है। किसानों ने नई फसलों के साथ साथ नकदी फसलों की खेती करनी शुरू कर दी है। सरकार भी किसानों को खेती और तकनीक बारे जानकारी देने के साथ उन्हें प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं। किसानों की बदौलत हरियाणा आज तरक्की के मामले में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। खेती हमारी जान है तो पहलवान हमारी शान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों के बेटे-बेटियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। अभी हाल ही में हुए एशियन गेम्स में 30 प्रतिशत मेडल हरियाणा के खिलाडि यों ने जीते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आधुनिकता का युग है। खेती में नई तकनीक और मशीनीकरण का अत्यधिक प्रयोग हो रहा है। किसानों को अब हाथ से ्यादा काम नहीं करना पे ता। आधुनिकता ने किसानों के काम को और सुलभ कर दिया है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों ख़ासकर कृषि विश्वविद्यालय हिसार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों ने नए नए बीजों की किस्मों की खोज की है, जिससे फसलों का उत्पादन बढ़ा है।

एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई

मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि एसवाईएल नहर पर हमारे ह पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नहर का निर्माण अवश्य होगा। उन्होंने कहा कि एसवाईएल नहर पर आम आदमी पार्टी का दोहरा चेहरा सामने आया है। हरियाणा के किसान दोगली राजनीति करने वालों को समझते हैं और उनकी यह दोगली राजनीति यहाँ नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि एसवाईएल हरियाणा का ह है और इसे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देन र लागू करवाया जाएगा।

किसानों व कृषि उत्थान के लिए तीन पुस्तकों का हुआ विमोचन

हरियाणा कृषि विकास मेले के समापन समारोह में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संकलित तीन पुस्तकों का विमोचन किया। यह सभी पुस्तक कृषि तथा किसान उत्थान को लेकर लिखी गई है। इन पुस्तकों में कृषि बागवानी प्राकृतिक खेती फसल उत्पादन बिक्री समेत नवीनतम कृषि तकनीक एवं प्रौद्योगिकी की जानकारी जुटाई गई है ताकि किसान घर बैठे हर प्रकार की जानकारी हासिल कर सके। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना, विधायक जोगीराम सिहाग, विधायक लक्ष्मण नापा, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के अध्यक्ष सुभाष बराला, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमेन आदित्य देवीलाल, कृषि विभाग के प्रधान सचिव विजयेन्द्र कुमार, चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर बी आर कंबोज, कृषि विभाग के निदेशक डॉ. नरहरि सिंह बॉंगड मौजूद रहे।

जींद के मोहनखेड़ा गांव के किसान भरत सिंह को मिला जॉनडियर ट्रैक्टर

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बटन दबाकर लकी ड्रा के माध्यम से ईनाम निकाले। इसमें जींद जिला के मोहन खे ा गांव के किसान भरत सिंह को 750000 रुपए कीमत का जॉनडीयर ट्रैक्टर ईनाम में निकला। फतेहाबाद जिले के किरढान गांव के अजीत सिंह को 35000 रुपए कीमत का ट्रैक्टर ईनाम में निकला। फतेहाबाद जिले के ही टिब्बी गांव के सुरजीत को 250000 रुपए कीमत की लैंड लेवलर मशीन, पंजाब के गंगा अब्दुल गांव के गुरपिंदर सिंह को 1 लाख 75000 रुपए राशि की सुपर सीडर मशीन तथा जींद जिला के दरो ी गांव के किसान अंकित को 74000 रुपए की कीमत की इलेक्ट्रिक पावर वीडर मशीन प्राप्त हुई।

भविष्य में लगेगा और बड़ा मेला : जेपी दलाल

इस अवसर पर बोलते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सूरजकुंड मेले की तर्ज पर हिसार में भविष्य में किसान मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें कृषि से संबंधित तमाम नवीनतम अनुसंधानों एवं प्रौद्योगिकी की जानकारी किसानों तक पहुंचने का काम किया जाएगा । कृषि क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार द्वारा ठोस सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सेम ग्रस्त भूमि के सुधारीकरण के लिए जितना कार्य पिछले 20 वर्षों में नहीं हुआ उतना कार्य वर्तमान सरकार ने कुछ समय में ही करके दिखाया है। प्रदेश भर में लगभग 8 लाख एक क्षेत्र सेम ग्रस्त है।

रेवाड़ी जिला नगर योजनाकार कार्यालय पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता का छापा

एक्सईएन, ईओ सहित 23 कर्मचारी मिले नदारद, दोनों विभागों में मची अफरा-तफरी

एचएसवीपी और डीटीपी कार्यालय खुलते ही छापेमारी

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों की लगातार मिल रही लेट-लतीफी की सूचना के चलते मुख्यमंत्री उडऩदस्ता की टीम ने मंगलवार सुबह कार्यालय खुलते ही हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा जिला नगर योजनाकार विभाग के ऑफिस में छापेमारी की। इस दौरान सीएम फ्लाइंग को एक्सईएन, ईओ समेत कुल 23 कर्मचारी नदारद मिले। अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों की सूची बनाकर आगामी कार्रवाही हेतू मुख्यालय में भिजवा दी गई है। सुबह-सवेरे दो कार्यालयों में सीएम फ्लाइंग की रेड से एक ओर जहां इन ऑफिसों में अफरा-तफरी मच गई, वहीं अन्य सरकारी कार्यालयों में भी हडे प की स्थिति बनी रही।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उडऩदस्ता को सूचना मिली थी कि जिला सचिवालय के पीछे स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा जिला नगर योजनाकार कार्यालय में कर्मचारी सुबह निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचते हैं। जिसके चलते लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके उपरांत मुख्यमंत्री उडऩदस्ता के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सचिन, कर्मपाल व सुनील के अतिरिक्त सीआईडी से लालचंद तथा अजय कुमार की टीम ने ड्यूटी मैजिस्ट्रेट सिंचाई विभाग के एक्सईएन वीपी चौहान के नेतृत्व में एक ही भवन में चल रहे एचएसवीपी तथा डीटीपी कार्यालयों में खुलते के साथ ही छापेमारी की।

सीएम फ्लाइंग की टीम पहले तो काफी समय तक कर्मचारियों के आने का इंतजार किया। उसके उपरांत हाजिरी रजिस्टर को चेक किया। टीम को एक एक्सईएन, ईओ सहित कुल 23 कर्मचारी नदारद मिले। टीम सदस्यों ने दोनों कार्यालय में काफी समय रुककर जांच भी की। सुबह-सुबह मुख्यमंत्री उडऩदस्ता की टीम की दस्तक से दोनों कार्यालयों में अफरा-तफरी मच गई। इसके अलावा अन्य सरकारी कार्यालयों में भी हडकंप की स्थिति बनी रही। सीएम फ्लाइग ने गैर हाजिर मिले कर्मचारियों की सूची तैयार कर आगामी कार्रवाही हेतू रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय भिजवा दिया है।

मस्तनाथ मठ में गृहमंत्री बताएं, कब मिलेगा एसवाईएल का पानी: जयहिंद

भरोसा मित्र

रोहतक। रोहतक स्थित बाबा मस्तनाथ मठ में बुधवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचेंगे। इससे पहले मंगलवार को नवीन जयहिंद ने अमित शाह से एसवाईएल के पानी को लेकर जवाब मांगा। साथ ही खुद भी बाबा मस्तनाथ मठ में आशीर्वाद लेने जाने का दावा किया। जिसके चलते प्रशासन की चिंता भी बे गई है। पहले भी नवीन जयहिंद पर अमित शाह के काफिले को रोकने का केस कोर्ट में चल रहा है। नवीन जयहिंद ने कहा कि बुधवार को देश के गृहमंत्री अमित शाह रोहतक के बाबा मस्तनाथ मठ में आ रहे हैं। वहां पर हजारों लोग बाबा मस्तनाथ का आशीर्वाद लेने के लिए आते हैं। वह भी बाबा मस्तनाथ का आशीर्वाद लेने के लिए जाएंगे। बाबा मस्तनाथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को शक्ति दें।जयहिंद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है तो देश के गृहमंत्री होने के नाते उन्हें यह स्पष्ट करके जाना चाहिए कि हरियाणा को पानी कब मिल पाएगा। प्रदेश में लाखों किसान व लाखों एके जमीन प्यासी है। 60 प्रतिशत लोगों के पास पीने तक का शुद्ध पानी नहीं हैं। इसलिए चाहेंगे कि अमित शाह बाबा मस्तनाथ का आशीर्वाद व शक्ति लेकर यह बताकर जाएं कि एसवाईएल नहर का निर्माण होकर पानी कब तक मिल पाएगा।

सभी पार्टियां मौसेरी बहन

जयहिंद ने एसवाईएल को लेकर राजनीति पार्टियों पर भी हमला बोला। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों द्वारा एक-दूसरे पर एसवाईएल न बनने देने के आरोपों पर कहा कि सभी पार्टियां मौसेरी बहन हैं। किसी भी पार्टी ने अभी तक सही तरीके से एसवाईएल को लेकर प्रयास नहीं किया है। अब जो सरकार है उससे उम्मीद है कि या तो वह पिछली पार्टियों की तरह लाइन में लग जाए या फिर इससे अलग वे एसवाईएल का पानी लेकर आए।

एसवाईएल पर पंजाब सरकार ने बुलाया विधानसभा सत्र

हरियाणा से पानी विवाद पर होगी चर्चा

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। सुप्रीम कोर्ट के सतलुज यमुना लिंक नहर एसवाईएल को लेकर बीते बुधवार को आए फैसले के बाद पंजाब सरकार ने विधानसभा का सत्र बुलाने की घोषणा की थी। विरोधियों के बढ रहे विरोध के बीच अब आप सरकार ने 20-21 अक्टूबर को सत्र बुलाने की तारीख तय कर दी है। यह दो दिवसीय सत्र होगा, जिसमें मुख्य रूप से पंजाब-हरियाणा के बीच पानी के मुद्दे पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान सत्र बुलाने की घोषणा पहले ही कर चुके थे, लेकिन स्पीकर कुलतार सिंह संधवां के घाना में कॉमनवेल्थ की बैठक में होने के कारण तारीखों को ऐलान नहीं किया गया था। उनके वापस लौटते ही तरीखों की घोषणा कर दी गई है। क्योंकि उनकी ओर से राज्यपाल को विधानसभा का सत्र बुलाने लिए पत्र भेजा जाना जरूरी होता है।सुप्रीम कोर्ट के फैसले और पंजाब सरकार की तरफ से दाखिल जवाब के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार लगातार विरोधी पार्टियों के निशाने पर है। अकाली दल पहले ही आरोप लगा चुका है कि आप सरकार दोहरा मुखौटा पहने हुए है। उनका आरोप है कि एक तरफ पंजाब में पानी न होने की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में जवाब दायर कर रहे हैं कि वे स्ङ्घरु बनाना चाहते हैं, लेकिन विरोधी उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं। पहले कांग्रेस व भाजपा और आज अकाली दल ने पानी के मुद्दे को लेकर सीएम आवास का घेराव किया था।

जींद में जजपा कार्यालय के बाहर किसानों का धरना

भरोसा मित्र ब्यूरो

जींद। जींद में किसानों ने मंगलवार को उचाना में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के विधानसभा क्षेत्र में जेजेपी कार्यालय के बाहर टेंट लगा कर धरना शुरू कर दिया है। साथ ही किसानों ने पुलिस पर भी आरोप लगाए हैं कि पुलिस ने टेंट लगा रही लेबर को भगाने और टेंट उखो ने की कोशिश की। किसान नेता आजाद पालवां ने चह्यतावनी देते हुए कहा कि अगर डिप्टी सीएम ने मिलने का समय नहीं दिया और दोबारा से टेंट उखाड़ने की कोशिश की तो जेजेपी कार्यालय के अंदर ही धरना शुरू कर दिया जाएगा। जजपा कार्यालय के बाहर धरने के लिए टेंट लगाते हुए किसान। जजपा कार्यालय के बाहर धरने के लिए टेंट लगाते हुए किसान। किसानों ने सोमवार को उचाना में बड़ा प्रदर्शन किया था और जेजेपी कार्यालय का घेराव किया था। डिप्टी सीएम से मिलने का समय मांगा गया लेकिन उन्हें समय नहीं मिल पाया। इससे रोष स्वरूप किसानों ने ऐलान किया था कि 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक किसान जेजेपी कार्यालय के बाहर धरना देंगे। अगर 13 अक्टूबर तक डिप्टी सीएम से मीटिंग का समय तय नहीं होता तो 13 अक्टूबर को संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की मीटिंग बुला कर बड़ा फैसला लिया जाएगा। किसान नेता आजाद पालवां ने कहा कि पूरे प्रदेश में केवल उचाना मंडी में ही किसानों के साथ लूट हो रही है। भोले-भाले किसानों से धान और कपास पर 30 रुपए प्रति क्विंटल मिलर वसूल रहे हैं। कभी पंखे के नाम पर तो कभी दूसरे चार्ज के नाम पर किसानों को लूटा जा रहा है। इस पर डिप्टी सीएम से लेकर दूसरे अधिकारी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। उचाना मंडी में बड़ा घोटाला हो रहा है लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही। पालवां ने कहा कि प्रदेश के किसानों को खराब हुई फसलों का मुआवजा आज तक नहीं मिल रहा है। फसल बीमा के नाम पर बीमा कंपनी मालामाल हो गई है।

दफ्तर में धरने की चेतावनी, पुलिस पर टेंट उखाड़ने का आरोप

रोष पटियाला हाऊस कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक हजारों अधिवक्ताओं ने निकाला संविधान बचाओ मार्च

लोकतंत्र की हत्या करने में लगी केंद्र सरकार : मोक्ष पसरीजा

इतिहास में कोई भी बड़ी से बड़ी क्रांति हुई उसकी अगुआई अधिवक्ताओं ने की : संजीव नसीर

नई दिल्ली, एजेंसी।

आम आदमी पार्टी की हरियाणा और दिल्ली की लीगल सेल द्वारा मंगलवार को दिल्ली में पटियाला हाऊस कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक संविधान बचाओ मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व आम आदमी पार्टी हरियाणा लीगस सेल के अध्यक्ष मोक्ष पसरीजा और दिल्ली लीगल सेल के अध्यक्ष संजीव नसीर ने किया। इस दौरान हजारों की संख्या में वकीलों ने भाजपा सरकार के अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक कदमों का विरोध किया और चीफ जस्टिस को ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट मोक्ष पसरीजा ने बताया कि संविधान बचाओ मार्च से पहले पूरे हरियाणा के जिला बार में हस्ताक्षर अभियान चलाया था। जिला न्यायालयों में भी अधिवक्ता सम्मेलन करके पार्टी लाइन से ऊपर उठकर संविधान और देश को बचाने की अपील की थी। उसी के उपलक्ष्य में हजारों अधिवक्ताओं ने इस मार्च में हिस्सा लिया। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य संविधान और देश को बचाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार संविधान को ताक पर रखकर लोकतंत्र की हत्या करने में लगी है। भाजपा ने सीधे सीधे न्यायपालिका पर प्रहार करते हुए चुनाव आयोग चयन समिति से मुख्य न्यायाधीश को बिना किसी कारण के बाहर कर दिया गया। ये लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। न्यायपालिका पर हमला किया जा रहा है और मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। एडवोकेट संजीव नसीर ने कहा कि इंडियन पैनल कोड, क्रीमिनल प्रोसीजर कोड और इंडियन एविडेंस एक्ट को पूरे तरीके से रीफिल करके नए प्रावधान और नए कानून लाए जा रहे हैं। जो नया कानून सीआरपीसी आ रहा है इसमें ऐसे प्रोविजन्स हो जिससे ज्यूडिशरी पर दबाव बनाया जा रहा है। यदि जज किसी कानून से बाहर कोई फैसला करता है तो उसमें 7 साल की सजा का प्रावधान है। जो सीधे सीधे ज्यूडिशरी व्यवस्था पर हमला है और दबाव बनाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से हापुड़ और अंबाला में पुलिस ने अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया। इसको लेकर भी अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आज के समय में जो तानाशाही चल रही है उसको खत्म करने के लिए हरियाणा और दिल्ली के 17,500 अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर किए थे। अब देश के अधिवक्ताओं ने कमर कस ली है, यदि इतिहास में कोई भी बड़ी से बड़ी क्रांति हुई, आंदोलन हुआ या चेंज हुआ उसकी अगुआई अधिवक्ताओं ने की है। देश के संविधान, न्यायपालिका और सुप्रीम कोर्ट पर किसी भी तरीके का हमला सहन नहीं किया जाएगा।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।